दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 273 | जयपुर | बुधवार, 06 अगस्त, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-द्वादशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## संक्षिप्त समाचार

### प्रियंका बोलीं- जज तय नहीं करेंगे कौन सच्चा भारतीय

**सेना पर बयान को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा- राहुल सच्चे भारतीय होते तो ऐसा न कहते**



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मंगलवार को संसद परिसर में कहा, माननीय जजों का पूरा सम्मान रखते हुए मैं ये कहना चाहती हूं कि वे यह तय नहीं करेंगे कि सच्चा भारतीय कौन है। उन्होंने कहा, सरकार से सवाल पूछना विपक्ष के नेता का कर्तव्य है। मेरा भाई कभी भी सेना के खिलाफ नहीं बोलेगा, उनके प्रति सम्मान रखता है। भाई की बातों का गलत मतलब निकाला गया। इधर, संसद भवन में एनडीए संसदीय दल की बैठक में पीएम मोदी ने इसी मुद्दे पर कहा, सुप्रीम कोर्ट की इससे बड़ी फटकार हो ही नहीं सकती। दरअसल, प्रियंका का ये जवाब सुप्रीम कोर्ट के राहुल के सच्चे भारतीय होने पर उठाए सवाल पर आया। 4 अगस्त को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सेना पर की गई टिप्पणी मामले पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने कहा था कि सच्चा भारतीय ऐसा नहीं कहेगा। आपको कैसे पता चला कि चीन ने भारत की 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया है।

### अनिल अंबानी ईडी के ऑफिस पहुंचे

**17,000 करोड़ लोन फ्रॉड मामले में पूछताछ**
**1 अगस्त को लुकआउट नोटिस जारी हुआ था**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन और एमडी अनिल अंबानी से आज प्रवर्तन निदेशालय पूछताछ करेगी। वित्तीय जांच एजेंसी ने 1 अगस्त को समन जारी कर उन्हें पेश होने के लिए कहा था। वे दिल्ली के ईडी ऑफिस पहुंच चुके हैं। अनिल पर कई मामलों में कुल मिलाकर 17,000 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग और लोन फ्रॉड मामले में ये पूछताछ होगी। इससे पहले यस बैंक के साथ 3000 करोड़ रुपए के लोन फ्रॉड मामले में पूछताछ की बात कही गई थी। इससे पहले ईडी ने अनिल अंबानी के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनिल अंबानी को इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर के अप्रूवल के बिना भारत नहीं छोड़ सकते हैं। अगर वह विदेश जाने की कोशिश करते हैं तो उन्हें हिरासत में लिया जा सकता है। ईडी ने 24 जुलाई को रिलायंस ग्रुप से जुड़े मुंबई और दिल्ली स्थित 50 से ज्यादा कंपनियों और ठिकानों पर छापेमारी की थी।

## जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन

### बिहार सहित 4 राज्यों के राज्यपाल रहे, उनके कार्यकाल में आज ही के दिन आर्टिकल-370 हटा था



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में निधन हो गया। उन्होंने दोपहर 1:12 बजे अंतिम सांस ली। सत्यपाल मलिक लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। 11 मई को हालत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वे जम्मू-कश्मीर, बिहार, गोवा और मेघालय के राज्यपाल रहे। 2018 में ओडिशा के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला। सत्यपाल 23 अगस्त 2018 से 30 अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहे। इन्हीं के कार्यकाल के दौरान ही आज ही के दिन 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाया गया था।

**सत्यपाल मलिक पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा था**-सीबीआई ने 22 मई को सत्यपाल मलिक समेत 5 लोगों के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के किरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें करीब 2,200 करोड़ रुपए के सिविल वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट में गड़बड़ी का आरोप है। सीबीआई ने इसी मामले को लेकर 22 फरवरी 2024 को सत्यपाल मलिक के ठिकाने पर छापा मारा था। साथ ही दिल्ली में 29 अन्य ठिकानों पर भी रेड की थी। सत्यपाल मलिक ने 17 अक्टूबर 2021 को राजस्थान के झुंझुनूं में एक कार्यक्रम में कहा था कि उन्हें जम्मू-कश्मीर का राज्यपाल रहते करोड़ों की रिश्वत ऑफर हुई थी।

उस दौरान उनके पास दो फाइलें आई थीं। इनमें एक बड़े उद्योगपति और दूसरी महबूबा मुफ्ती और भाजपा की गठबंधन सरकार में मंत्री रहे एक व्यक्ति की थी। मलिक ने कहा था कि उनके सचिवों ने बताया कि इसमें घोटाला है, इसके बाद उन्होंने दोनों डील रद्द कर दी थीं। उन्हें दोनों फाइलों के लिए 150-150 करोड़ रुपए देने का ऑफर दिया गया था। मलिक ने कहा, मैंने कहा था कि मैं पांच कुर्ता-पायजामे के साथ आया हूं और सिर्फ उसी के साथ यहां से चला जाऊंगा। जब सीबीआई पूछेगी तो मैं ऑफर देने वालों के नाम भी बता दूंगा।

**सीबीआई ने दो अलग-अलग मामलों में दर्ज की एफआईआर**

सीबीआई ने इस मामले में 2 एफआईआर दर्ज की थीं। पहली एफआईआर लगभग 60 करोड़ रुपए के कॉन्ट्रैक्ट को जारी करने में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित है। यह रकम 2017-18 में जम्मू-कश्मीर कर्मचारी स्वास्थ्य देखभाल बीमा योजना का ठेका देने के लिए एक इंश्योरेंस कंपनी से रिश्वत के तौर पर ली गई थी। दूसरी एफआईआर 2019 में एक निजी फर्म को कीरू हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट (एचईपी) के सिविल वर्क के लिए 2,200 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट देने में भ्रष्टाचार से जुड़ी है। सीबीआई इन दोनों मामलों की जांच कर रही है।

## उत्तराखंड के धराली में बादल फटा, गांव जमींदोज




### 34 सेकेंड में सैकड़ों घर-होटल मलबे में दबे; 4 की मौत, 50 से ज्यादा लापता

उत्तरकाशी। बढ़ता राजस्थान

उत्तरकाशी के धराली गांव में मंगलवार दोपहर 1.45 बजे बादल फटने से भारी तबाही मच गई। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा लोग लापता हैं।

प्रशासन का कहना है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, आईटीबीपी और आर्मी की टीमें बचाव और रेस्क्यू के काम में जुटी हैं। अब तक 130 से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू किया गया है। खीर गंगा नदी में पहाड़ों से बहकर आए मलबे से धराली का बाजार, मकान और होटल बह गए। सिर्फ 34 सेकेंड में सब कुछ बर्बाद हो गया। धराली के अलावा हर्षिल और सुक्की में बादल फटा है। हर्षिल इलाके में बादल फटने से सेना के 8 से 10 जवानों के लापता होने की खबर है। वीडियो में लोग जान बचाते दिखे, 30 फीट तक मलबा जमा इस आपदा के कई वीडियो सामने आए। इनमें लोग जान बचाने के लिए यहां-वहां भागते नजर आए। चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। जो लोग इसके वीडियो बना रहे थे, वो लोगों से दूरी होने के बाद भी चिल्ला-चिल्लाकर बचने के लिए कह रहे थे। आपदा के बाद धराली में 30 फीट तक मलबा जम गया। बाजार की कई दुकानें और आसपास के मकान जमींदोज हो गए।





## जेएण्डके को राज्य का दर्जा सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 8 अगस्त को

### आज ही के दिन अनुच्छेद 370 हटाने के बाद सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश बनाया था

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की खबरों के बीच सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर 8 अगस्त को सुनवाई होगी। जम्मू-कश्मीर के प्रोफेसर जहूर अहमद भट्ट और सोशल वर्कर खुर्शीद अहमद मलिक ने यह याचिका दायर की है। इसमें केंद्र सरकार को जम्मू-कश्मीर का निर्धारित समय सीमा में पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का निर्देश देने की बात कही है। याचिका में दलील दी गई है कि जम्मू-कश्मीर में पंचायती चुनाव और नगर निकाय चुनाव हो चुके हैं। मौजूदा सुरक्षा और प्रशासनिक स्थिति राज्य का दर्जा बहाल करने के अनुकूल है। लंबे समय तक राज्य का दर्जा न बहाल करना नागरिक अधिकारों का उल्लंघन है। दरअसल, 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश बनाया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में केंद्र के फैसले को चुनौती दी गई। दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य से आर्टिकल 370 हटाने और विशेष राज्य का दर्जा समाप्त करने को सही माना था।

## राम रहीम को 40 दिन की पैरोल, सिरसा डेरा पहुंचा

### 15 को मनाएगा बर्थ-डे, वीडियो जारी किया

बढ़ता राजस्थान



**रोहतक (एजेंसी)।** डेरा सच्चा सौदा का प्रमुख गुरमीत राम रहीम एक बार फिर जेल से बाहर आ गया है। उसे 40 दिन की पैरोल मिली है। रोहतक की सुनारिया जेल में बंद राम रहीम पैरोल मिलने के बाद मंगलवार सुबह सिरसा डेरे के लिए रवाना हुआ। वह 14वीं बार पैरोल या फरलो लेकर जेल से बाहर आया है। सिरसा डेरे पहुंचने के साथ ही राम रहीम ने अपने अनुयायियों के लिए पहला वीडियो संदेश भी जारी किया। इस बार राम रहीम को पैरोल मिलने पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने सरकार पर दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिन सिखों ने अपनी सजा पूरी कर ली है, उन्हें रिहा नहीं किया जा रहा।

## जयपुर में लेबर इंस्पेक्टर को गोलियों से भूना, मौत

### आरएसी जवान ने किया मर्डर, सगाई टूटने का जिम्मेदार मानता था, थाने में सरेंडर

**जयपुर।** जयपुर में लेबर इंस्पेक्टर को आरएसी जवान ने गोलियों से भून दिया। इंस्पेक्टर की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी अजय की लेबर इंस्पेक्टर शंकर ने रिश्ते की बहन से सगाई कराई थी। लेकिन कुछ दिन में ही सगाई टूट गई थी। आरोप है रिश्ता टूटने के बाद भी युवती शंकर लाल के कहने पर उसे परेशान कर रही थी। इसलिए उसने शंकर लाल की हत्या कर दी। घटना बगरू थाना इलाके में मंगलवार सुबह 6.30 बजे की है। हत्या के बाद आरोपी ने फुलेरा थाने में सरेंडर कर दिया। पुलिस ने बताया की अजय कटारिया (32) श्रीराम नगर, फुलेरा का रहने वाला है। दिल्ली में आरएसी में 12वीं बटालियन में पोस्टेड है। आरोपी मंगलवार सुबह जयपुर से बगरू के वाटिका में शंकर लाल के घर पहुंचा था।

## मोदी बोले- विपक्ष अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने में माहिर

### ऑपरेशन सिंदूर पर बहस की मांग करके गलती की; एनडीए सांसदों ने प्रधानमंत्री को सम्मानित किया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में मंगलवार को एनडीए संसदीय दल की बैठक हुई। इसमें एनडीए सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की सफलता पर पीएम नरेंद्र मोदी को सम्मानित किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीएम को हार पहनाया। सांसदों ने हर-हर महादेव, भारत माता की जय के नारे लगाए।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम ने सांसदों को अपने संबोधन में कहा, संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करके विपक्ष ने गलती की। इसमें उनकी ही फजीहत हुई। विपक्ष अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने में माहिर है। विपक्ष रोज ऐसी चर्चा कराए, हम इस फील्ड में माहिर हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, बिहार में वोटर्स लिस्ट रिविजन के मुद्दे पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। देश की जनता सब देख रही है। पीएम ने अमित शाह की भी तारीफ की और कहा कि वे अब सबसे लंबे समय



तक सेवा देने वाले केंद्रीय गृह मंत्री हैं।

एनडीए सांसदों की बैठक में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव भी पास किया गया। इसमें कहा गया कि सैन्य शक्ति और मजबूत नेतृत्व के जरिए इंसाफ हुआ। भारत आतंकवाद को न तो भूलता है और न ही कभी माफ करता है।

मानसून सत्र शुरू होने के बाद एनडीए सांसदों की पहली बैठक पीएम मोदी संसदीय दल की बैठक में नए सांसदों से भी मिले। बैठक में भाजपा और उसके सभी सहयोगी दलों के सभी सांसदों का शामिल होना अनिवार्य था। सांसदों को एनडीए सरकार के 11 साल के कार्यकाल पर, 11 साल,11 बड़े फैसले शीर्षक वाली किताब दी गई।

21 जुलाई से शुरू हुए संसद के मानसून सत्र के दौरान एनडीए सांसदों की यह पहली बैठक थी। वहीं, जून 2024 में केंद्र में तीसरी बार वापसी के बाद किसी संसद सत्र के दौरान एनडीए सांसदों की यह दूसरी बैठक थी।

क्या है ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव? जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। इसके जवाब में भारत ने 7 मई को रात डेढ़ बजे ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था। सेना ने देर रात 1:51 बजे सोशल मीडिया पर ऑफिशियल बयान जारी कर कहा- इंसाफ हो गया। साथ में ऑपरेशन सिंदूर की फोटो भी शेयर की।

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकाने तबाह किए थे। 10 मई तक चले संघर्ष में पाकिस्तान के कई एयरबेस पर भी हमले किए थे। 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे। 28 जुलाई को श्रीनगर में ऑपरेशन महादेव नाम से चले मुठभेड़ में पहलगाम हमला करने वाले लश्कर-ए-तैयबा के तीन सीनियर कमांडर मारे गए थे।

## ट्रम्प की भारतीय दवाओं पर 250% टैरिफ लगाने की धमकी

### बोले- दवाइयां अमेरिका में ही बनाई जाएं; यूएस में 40% दवाएं भारत से जाती हैं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत के फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट्स पर 250% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। ट्रम्प ने कहा कि वे शुरू में फार्मास्युटिकल्स पर छोटा टैरिफ लगाएंगे, लेकिन फिर इसे एक से डेढ़ साल में बढ़ाकर 150% और फिर 250% कर देंगे। ट्रम्प ने कहा- हम चाहते हैं कि दवाइयां हमारे देश में ही बनाई जाएं। उनका मानना है कि अमेरिका फार्मा प्रोडक्ट्स के लिए बहुत ज्यादा विदेशों पर निर्भर है, खासकर भारत और चीन पर। इस टैरिफ से भारतीय फार्मा सेक्टर पर बुरा असर पड़ सकता है। अमेरिका भारत से जेनेरिक दवाइयां, वैक्सीन और एक्टिव इंग्रेडिएंट्स खरीदता है। 2025 में अमेरिका को भारत का फार्मास्युटिकल निर्यात 7.5 अरब डॉलर (करीब 65 हजार करोड़ रुपए) से ज्यादा रहा। अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली सभी जेनेरिक दवाओं की लगभग 40% भारत से आती हैं। दवाओं पर टैरिफ से भारतीय कंपनियों को



नुकसान अगर ट्रम्प दवाओं पर टैरिफ को 250% तक बढ़ाते हैं, तो भारतीय कंपनियों को अमेरिका में अपने प्रोडक्ट्स की कीमतें दोगुनी करनी पड़ेंगी। इससे कंपनियों के मुनाफे में भारी कमी आएगी। नुकसान से बचने के लिए भारतीय फार्मा कंपनियां अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने पर विचार कर सकती हैं।


सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरू, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# पावटा में अधिवक्ताओं और स्टाम्प विक्रेताओं की हड़ताल



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के पावटा उपखंड कार्यालय स्थित तहसील परिसर में सोमवार की शाम 04 बजे के करीब सभी अधिवक्तागणों, स्टाम्प विक्रेताओं, डीड राइटर्स और दुकानदारों की सामूहिक बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में पावटा अभिभाषक संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी ने अध्यक्षता की। बैठक में पुलिस थाना क्षेत्राधिकार पावटा से बदलकर विराटनगर न्यायालय के अधीन किए जाने के विरोध में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 05 अगस्त से सभी न्यायालयों, जैसे कि स्ष्ठह्र कोर्ट और एमजेएम पावटा कोर्ट का कार्य पूर्ण रूप से स्थगित कर अनिश्चितकालीन तक बंद रखा जाएगा। इस दौरान सभी प्रकार के न्यायिक और पंजीयन कार्य भी पूर्णतया बंद रहेंगे। इस हड़ताल में विष्णु कुमार शर्मा, दिलीप सिंह शेखावत, लोकेश शर्मा, मुकेश स्वामी, नरेश यादव, बीएल आर्य, रतिराम मीणा, गौरव शर्मा, राजेंद्र चौधरी, कमलकांत शर्मा, किशोर यादव, मेहरसिंह चौधरी आदि अधिवक्ताओं और समस्त अभिभाषक, स्टाम्प पेपर विक्रेता और दुकानदार शामिल हैं। हड़ताल के कारण पावटा क्षेत्र में न्यायिक और पंजीयन कार्य पूरी तरह से ठप हो जाएंगे। इससे क्षेत्र के लोगों को परेशानी हो सकती है। अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाती हैं, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

# चोरी किया गया विद्युत ट्रांसफार्मर और केबल बरामद

## चोरों द्वारा उपयोग में ली गई कैम्पर गाड़ी, गैस कटर आदि समान जब्त



बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे के नोहर रोड़ स्थित टिंबर उद्योग से चोरी हुए विद्युत ट्रांसफार्मर और बिजली केबल चोरी प्रकरण में पुलिस ने चार आरोपितो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से विद्युत ट्रांसफार्मर और केबल बरामद कर चोरी की घटना के उपयोग में ली गई कैम्पर गाड़ी, गैस कटर आदि उपकरण को जब्त किया गया। साहवा थानाधिकारी रामप्रताप ने जानकारी देते हुए बताया कि संदीप कुमार पुत्र रामसिंह सहू निवासी रांघेड़ी ने 30 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज करवाई । रिपोर्ट के जिसके अनुसार नोहर रोड़ पर उसके टिंबर उद्योग से अज्ञात चोर बिजली का ट्रांसफार्मर और बिजली की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर प्रभावी कार्रवाई करते हुए चोरों की तलाश के लिए पुलिस टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने चोरों की तलाश में सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपी अनवर पुत्र यासीन जाति कुम्हार उम्र 32 वर्ष निवासी मंदरपुरा, गफूरदिन पुत्र इब्राहिम जाति कुम्हार उम्र 59 वर्ष निवासी मंदरपुरा, सुदाम हुसैन पुत्र जब्बार खान जाति कुम्हार उम्र 24 वर्ष निवासी मंदरपुरा तथा भजनलाल पुत्र रामसिंह जाति जाट उम्र 35 वर्ष निवासी न्योलखी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय से 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया जाकर आरोपितों से हुई पूछताश पर उनके द्वारा चोरी किया गया बिजली ट्रांसफार्मर, बिजली केबल बरामद किया गया तथा चोरी के उपयोग में ली गई कैम्पर गाड़ी, गैस कटर सहित उपकरण भी जब्त किये गए।

# कास्टैबल से निरीक्षक बने कैलाश मीना का रीठौली मे सम्मान किया



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** पुलिस कास्टैबल से भर्ती हुये रीठौली के कैलाश मीना निरीक्षक पद से सेवानिवृत्त होने पर रीठौली के सर्वसमाज द्वारा कस्बे मे जगह,जगह साफा माला पहनाकर सम्मान किया ।रीठौली निवासी सेवानिवृत्त कैलाश मीना ने बताया कि 1अक्टूबर 1989 को गंगानगर मे कास्टैबल के पद पर नियुक्त हुये। पुलिस विभाग मे उत्कृष्ट सेवाऐ दी। कास्टैबल से हैडकांस्टेबल एएसआई उपनिरीक्षक से निरीक्षक बने ।31जुलाई 025 को जयपुर यातायात विभाग मे निरीक्षण पद से सेवानिवृत्त हुये ।सेवानिवृत्ति के बाद 4 जुलाई को गांव रीठौली पहुंचे ।मां रतनी देवी व ताऊ संतेराम से पुलिस विभाग मे बहतरीन सेवाएं देने पर आशिर्वाद लिया। सेवानिवृत्त पुलिस निरीक्षक कैलाश मीना को परिजन व ग्रामीणो जुलूस के साथ देवी देवताओं पर लाये कस्बे मे जगह, जगह साफा, माला पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान, खिलाड़ी पटेल संतेराम,बबलू मीना ओतार, रघुनाथ,दिनेश, मोहरसिंह,राजेश, साबूराम,महेंद्र शर्मा,जीवन, नैमी शर्मा,कल्ला माली,गोपाल, सहित ग्रामीण सहित सर्वसमाज के ग्रामीण मौजूद रहे।

# हनुमान मंदिर में विशाल भंडारा आज

**प्रागपुरा( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के क्यारी वाले हनुमान मंदिर में आज बुधवार, 06 अगस्त को एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जो ग्रामीणों के जन सहयोग से आयोजित होगा। इससे पूर्व रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भक्तों को प्रभु भक्ति में लीन होकर भगवान के गुणगान करने का अवसर मिलेगा। मंदिर पुजारी बद्री दास ने बताया कि ग्रामीणों के जन सहयोग से सर्वप्रथम भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मंदिर परिसर को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जिससे भक्तों को एक पवित्र और आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव हो। भंडारे में अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणों को प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

# उदयपुर की महिलाओं ने पारंपरिक अंदाज़ में मनाया 'सावन उत्सव', पैराहन प्रदर्शनी का हुआ भव्य समापन : तारीका

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** शी सर्कल इंडिया की फाउंडर तारीका भानु प्रताप ने बताया तीन दिवसीय 'पैराहन प्रदर्शनी' का समापन रविवार को 'उदयपुर सावन उत्सव' के रंग-बिरंगे आयोजन के साथ हुआ।

इस आयोजन में शहर की सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक लहरिया और राजस्थानी वेशभूषा में सज-धजकर हिस्सा लिया और सावन का उल्लासपूर्ण स्वागत किया।

इस उत्सव का प्रमुख आकर्षण महिलाओं की सहभागिता रही, जहां उन्होंने सांस्कृतिक फैशन शो, झूले, लोकगीत, और खेल-प्रतियोगिताओं में भाग लेकर वातावरण को संगीतमय और जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में 'उदयपुर सावन क्वीन' का चयन किया गया, साथ ही महिलाओं को 9 विशेष टाइटल्स से नवाजा गया।

इस उत्सव का सफल संयोजन शी सर्कल इंडिया की ओर से सिंह पंजाबी ढाबा की नवनीत कौर छाबड़ा



और चिकली पोप की श्वेता नागौरी द्वारा किया गया। महिलाओं को मंच देने के इस प्रयास की सभी ने भूरी-भूरी प्रशंसा की।

कार्यक्रम में विशेष सहयोग देने वालों में स्वर्ण सिल्वर से सोनू जैन, डी प्लस शानदार से रुखसाना साबुनवाला, आरके प्रॉपर्टी से कृष्णा कौशिक, गीतांजलि हॉस्पिटल से कल्पेश राजभर, एचटीएम स्टील से अल्फिया मेहदी और क्रिएशन ग्रुप से राजेश शर्मा प्रमुख रहे। मुख्य अतिथि के रूप में प्रतीक्षा दवे और विजयलक्ष्मी गलूडिया उपस्थित रहीं, जिन्होंने विजेताओं को सम्मानित किया।

शी सर्कल इंडिया की संस्थापक तारिका भानुप्रताप ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी उदयपुर की महिलाओं ने 'पैराहन प्रदर्शनी' को भरपूर समर्थन दिया। इस तीन दिवसीय आयोजन में न केवल महिला उद्यमियों को मंच मिला, बल्कि लाखों की बिक्री से आर्थिक सशक्तिकरण को भी बल मिला।

प्रदर्शनी के सफल संचालन में आरके प्रॉपर्टी, डी प्लस शानदार, और गीतांजलि हॉस्पिटल का विशेष योगदान रहा। आयोजन महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक संरक्षण और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ।

# द बोहराज ग्लोबल स्कूल में सीबीएसई कबड्डी क्लस्टर टूर्नामेंट के तीसरे दिन की शुरुआत रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** द बोहराज ग्लोबल स्कूल, महुआ में चल रहे सीबीएसई कबड्डी क्लस्टर टूर्नामेंट के तीसरे दिन का शुभारंभ मंगलवार को भव्य और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नरेंद्र कुमार मीना जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला दौसा एवं सीमा सहरा उपस्थित रहे, जिनका पारंपरिक ढोल-नगाड़ों और पुष्पगुच्छ देकर आत्मीय स्वागत किया गया ।मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व जैसे गुणों का विकास होता है। उन्होंने खेलों को शिक्षा के साथ जोड़ते हुए विद्यार्थियों को सम्पूर्ण विकास की दिशा में अग्रसर होने की प्रेरणा दी। प्रतियोगिताओं का रोमांचपूर्ण आगाज़ खेल मुकाबलों की शुरुआत अंडर-14 बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले से हुई, जिसमें महेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, विद्याधर नगर और महेश्वरी पब्लिक स्कूल, जयपुर के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला।

उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए महेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, विद्याधर नगर ने फाइनल में जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया ।इसके बाद अंडर-19 वर्ग का मैच खेला गया, जिसमें वेदांता इंटरनेशनल स्कूल और महेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, विद्याधर नगर आमने-सामने थे। कड़े मुकाबले के बीच वेदांता इंटरनेशनल स्कूल ने शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज की ।अंडर-17 वर्ग के पहले सेमीफाइनल में महेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, विद्याधर नगर और स्वामी विवेकानंद गवर्नमेंट मॉडल स्कूल, अराईं (अजमेर) के बीच मुकाबला हुआ। मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें विद्याधर नगर की टीम ने कुशल रणनीति और मजबूत खेल भावना के साथ जीत हासिल की। दूसरा सेमीफाइनल महेश्वरी पब्लिक स्कूल, माचवा (जयपुर) और स्कॉलर इंटरनेशनल स्कूल, होतोत (जयपुर) के बीच खेला गया। माचवा की टीम ने प्रारंभ से ही बढ़त बनाए रखते हुए मुकाबले पर पकड़ बनाए रखी और जीत हासिल की ।दिन का मुख्य आकर्षण अंडर-17 वर्ग का फाइनल मुकाबला रहा, जिसमें महेश्वरी गर्ल्स पब्लिक



स्कूल, विद्याधर नगर और महेश्वरी पब्लिक स्कूल, माचवा की टीमें आमने-सामने रहीं। दोनों टीमों ने उत्कृष्ट खेल भावना के साथ प्रदर्शन किया। अंततः महेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, विद्याधर नगर ने निर्णायक बढ़त के साथ विजय प्राप्त की और खिताब पर कब्जा जमाया।

## विजेता टीमों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के समापन समारोह में विजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किए गए। स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी सहयोगी स्टाफ, निर्णायक मंडल एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया।

इस दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावाल, खेल मंत्री कर्नल हर्ष वर्धन सिंह, कृषि मंत्री डॉ करोड़ी लाल मीना, जयपुर सांसद मंजु शर्मा, दौसा जिला कॉलेक्टर देवेंद्र कुमार, दौसा पोलिस अधीक्षक सागर राणा सहित अन्य अतिथियो का बधाई संदेश प्राप्त हुआ, जिसमे उन्होंने विद्यालय परिवार को कार्यकर्म के सफल आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं भेजी। इस अवसर पर सीबीएसई बोर्ड पर्यवेक्षक सुनील व्यास, पूर्व जिला खेल अधिकारी राज नारायण शर्मा,विद्यालय के निदेशक विनय बोहरा, सह निदेशक विकास बोहरा, अध्यक्ष विजय शंकर बोहरा , संरक्षक गोपुत्र अवधेश अवस्थी, प्रिंसिपल ओपी नागर ,पुनीत पांडे, राजेश सिंह, कोऑर्डिनेटर श्वेता नेगी ,पीटीआई सुरेंद्र भूपेंद्र विशाल शर्मा,कविता थापा, रघुवीर सिंह, हरिशंकर भाया, अरविंद पालीवाल, श्री श्याम सखा सेवा समिति के अध्यक्ष नेमीचंद खेडली वाले,गणेश गोयल, मदन मोहन सिंघल, कृपांशु अजमेरा ,राजकुमार करीरी, सुनील जैन, , समस्त शिक्षक गण, सहायक कर्मचारी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्वक किया गया।

# सुनो ध्यान से और बोलो प्यार से:कृतार्थप्रभाश्री

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सूरजपोल स्थित दादाबाड़ी में साध्वी कृतार्थ प्रभा श्रीजी ने कहा कि सम्यकत्व की यात्रा छोटे छोटे स्टेधन से होकर बढ़ रही है। अनंतकाल सर अनंत भवों में भटकते हुए इस मनुष्य गति को प्राप्त किया। एकेन्द्रिय से यहां तक पहुंचे। चार इन्द्रिय वाले जीवों के पास कान नाही होते हैं सो वो परमात्मा की वाणी नाही सुन पाते। पंचेन्द्रिय यानी हम। क्या, क्यों, कैसे और किसलिए सुनना जरूरी है। हम भाग्यशाली हैं कि सुन सकते हैं।

सुनना एक कला है। अगर ये जीव में आ जाये तो सदगति की ओर ले जा सकती है। सुनना आत्म कल्याण का कारण भी है तो दुर्गति का भी। क्या सुनना चाहिए? हमने अब तक क्या क्या न जाने सुन लिया। किसी के मुंह से निंदा सुनी, हमारे कान से टकराए और मन में कुविचार आये तो कर्म बंधन कर लिया। फिल्मी गीत सुने, गाए। नही सुनना था। परमात्मा की वाणी, आगम को सुनना चाहिए। पुण्य श्रावक, श्रेणिक राजा की कहानी सुनो। किसलिए सुनना है? कहीं कुछ बुराई हो रही हो तो हमने कान खड़े हो जाते हैं। सुनकर आगे बताई तो फिर गलत किया। देशना सुनने से कर्मों की निर्जरा हुई। यहां से सुनकर घर पर 4 लोगों को सुनाया। अगर एक ने भी सुनकर मान लिया और यहां आना शुरू किया तो आप भी धन्य और वो खुद भी धन्य हो जाएगा। क्यों सुनना है?

# नई शिक्षा नीति के संदर्भ में प्रेरणा गर्ल्स कॉलेज में विचार गोष्ठी आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे में संचालित प्रेरणा गर्ल्स कॉलेज में भारत सरकार द्वारा लागू की गई नई शिक्षा नीति 2020 के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मंगलवार को महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय साहवा के प्राचार्य नरेश भारी एवं पवन कुमार ने छात्राओं को नई शिक्षा नीति में हुए आमूलचूल परिवर्तन के बारे में संवाद कर जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में स्किल डेवलपमेंट पर फोकस किया गया है। उन्होंने सभी छात्राओ से एजुकेशन कैरियर में स्किल डेवलपमेंट को भी अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पूनम जोशी, मंजू बाला, मांगीलाल सिंहमार, दलीप जोशी, प्रदीप कुमार राहड़ एवं राकेश कुमार मान उपस्थित रहे। मंच संचालन माडूराम गोदारा ने किया ।

# तुलसी जयंती उत्सव एवं साहित्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद् इकाई पावटा के तत्वावधान में कस्बे के आदर्श विद्या मंदिर में तुलसी जयंती उत्सव आयोजित किया गया । कार्यक्रम में साहित्य मर्मज्ञ डॉ0 किशन लाल शर्मा ने अध्यक्ष तथा वरिष्ठ साहित्यकार धर्मपाल %धर्म% एवं शम्भू दयाल गढ़वाल ने विशिष्ट अतिथियों के रूप में मंच को सुशोभित किया । कार्यक्रम का प्रारंभ मंचस्थ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । काव्य मनीषी गिरिराज शास्त्री द्वारा स्वरचित सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। भवानी सिंह %भूधर% ने परिषद गीत प्रस्तुत किया। तथा इकाई अध्यक्ष नवनीत गौड़ ने स्वागत उद्बोधन किया। तत्पश्चात साहित्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में गोस्वामी तुलसीदास के जीवन चरित्र एवं भारतीय जनजीवन के आध्यात्मिक विकास में उनके योगदान पर उपस्थित कविगण भवानी सिंह %भूधर%, समीर कुम्भकार, गिरिराज शास्त्री, गिरधारी सिंह %गिरधर%, महावीर शर्मा %सरस%, डॉ0 विवेक शर्मा, नवनीत गौड़, शिवम शर्मा



%विशेष%, सीताराम भार्गव, दीपक शर्मा, श्यामसुन्दर आर्य, धर्मपाल %धर्म%, शम्भू दयाल गढ़वाल, राहिल साधक, खिल्लू राम सैनी आदि ने रचनाएं प्रस्तुत की । डॉ0 किशन लाल शर्मा ने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास ने समन्वयवादी दृष्टिकोण रखते हुए साहित्य का सृजन किया एवं उनके द्वारा लिखित ग्रंथ सदैव प्रासंगिक रहेंगे। कार्यक्रम में लक्ष्मीनारायण शर्मा, ओमप्रकाश पारीक, रघु मिश्रा, हेमराज यादव, ओमप्रकाश शर्मा, सुनील पंसारी, लक्की भारद्वाज, अंकित गौड, मनीष सैन, शीशराम जाट सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार एवं परिषद् के कार्यकर्ता उपस्थित रहे । इस दौरान मंचस्थ अतिथियों द्वारा उपस्थित साहित्यकारों का सम्मान किया गया । अंत में इकाई महामंत्री शिवम शर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया । मंच संचालन वरिष्ठ कवि महावीर शर्मा द्वारा किया गया ।

# राउंड टेबल की कार्यकारिणी में अचल अध्यक्ष, प्रतीक सचिव

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** यूनाईटेड राउंड टेबल 234 की बैठक आब्जर्वर शशांक मूंदड़ा एवं एरिया सचिव कोषाध्यक्ष अनीश चौधरी की उपस्थिति में दौलतगढ़ रिसोर्ट आयोजित हुई। सर्वप्रथम वर्ष 2024-25 के अध्यक्ष सौरभ बापना ने बैठक की अध्यक्षता की। सचिव विवेक वैष्णव ने वर्ष 2024-25 की गतिविधियों की रिपोर्ट वीडियो के रूप में पेश की जिसे सबने खूब सराहा। कोषाध्यक्ष दीक्षांत मेहता ने वर्ष 2024-25 के एकाउंट्स पेश किए।

सभी टेबलर्स ने सौरभ गांधी का रिटायरमेंट बड़ी धूम धाम से मनाया। निवर्तमान अध्यक्ष सौरभ बापना ने सभी को वर्ष 24-25 की उपलब्धियों की जानकारी दी और सभी को धन्यवाद अर्पित किया एवं टेबलर्स को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुरस्कृत किया। तत्पश्चात परिवर्तन समारोह का आयोजन हुआ जिसमें वर्ष 2025-26 के लिए चुने हुए नए पदाधिकारियों ने मंच ग्रहण किया। वर्ष 2025-26 की कार्यकारिणी में अचल अग्रवाल (अध्यक्ष), विवेक वैष्णव (उपाध्यक्ष), प्रतीक खुराना (सचिव), ध्रुव कर्णावट (कोषाध्यक्ष) व सौरभ बापना (तत्कालीन पूर्वाध्यक्ष) ने पदाभार ग्रहण किया



और अध्यक्ष अचल अग्रवाल ने अपना उद्बोधन दिया और वर्ष 25-26 का थीम लोगो एवं कार्यकारिणी का प्रमोचन वीडियो के जरिये किया। बैठक में रिटायर्ड टेबलर्स दीपक भंसाली, संदीप सिंघवी, पंकज दुग्गड़, सरफ़राज़ तोबवाला, ऋषभ वर्डिया, मनीष खत्री, पुनीत मेहता, पुनीत टाया, पंकज जैन, आदिल पठान, सौरभ जैन, अंकित सिंघवी, दीपेश कोठारी, राउंड टेबल 234 के सभी टेबलर्स, लेडीज सर्कल की सदस्याएं व उदयपुर की अन्य टेबल्स के सदस्य उपस्थित थे। कोषाध्यक्ष ध्रुव कर्णावट ने वर्ष 25-26 का बजट पेश किया एवं सचिव प्रतीक खुराना ने सभी को बैठक में भाग लेने के लिए धन्यवाद अर्पित किया।

# पानेड़ा गाँव में हुआ धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली के ग्राम पानेड़ा में श्रावण मास के अवसर पर, शिव-भोला मंदिर में एक विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गाँव के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह आयोजन शिव-भोला मंदिर में हुआ और इसमें एक विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया, जिसमें गाँव के सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच विमला यादव थीं, जबकि प्रसिद्ध गायक कलाकार हंसराज गीरूडी ने अपनी शानदार प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय बना दिया।इस अवसर पर, सरपंच प्रतिनिधि हनुमान यादव, पूर्व सरपंच प्रकाश गुर्जर, सेवानिवृत्त राजस्थान पुलिस लालचंद मीणा, प्रकाश (राजस्थान पुलिस), शेर सिंह मीणा, अमर सिंह मीणा, रिटायर्ड कैप्टन प्रकाश, विक्रम मीणा, भोलाराम, और नेतराम सहित कई गणमान्य व्यक्ति और गाँव के समस्त लोग उपस्थित रहे।

### सरकारी नौकरी का गौरव

इस आयोजन की एक और खास बात यह थी कि पानेड़ा गाँव में लगभग हर घर में 3-4 लोग सरकारी नौकरी में हैं। ये लोग केवल दिल्ली या जयपुर में ही नहीं, बल्कि विभिन्न राज्यों और केंद्र सरकार की सेवाओं में भी कार्यरत हैं। यह जानकारी गाँव के लोगों के लिए गर्व का विषय है और उनकी मेहनत और सफलता को दर्शाती है। यह आयोजन गाँव में धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था, जिसने सभी को एक साथ आने का अवसर दिया।

# फुरकान अली ने शॉटगन शूटिंग में मारी बाज़ी, प्री-नेशनल में तय की जगह




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** द लीजेंड शूटिंग रेंज के उभरते निशानेबाज फुरकान अली ने 23वीं राजस्थान स्टेट शॉटगन शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्री-नेशनल चैंपियनशिप में जगह बना ली है। यह प्रतियोगिता 27 से 31 जुलाई के बीच जयपुर में आयोजित की गई थी, जिसमें प्रदेशभर के प्रतिभाशाली शूटर्स ने भाग लिया। फुरकान ने अपने शानदार निशानेबाजी कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्टेट क्वालिफाई किया और नेशनल लेवल के लिए चयनित हुए।कोच गजेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि फुरकान की यह सफलता उसकी मेहनत और समर्पण का नतीजा है। उन्होंने कहा कि यह चयन न केवल फुरकान के लिए बल्कि पूरी शूटिंग रेंज के लिए गर्व का विषय है। अब फुरकान प्री-नेशनल चैंपियनशिप में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे और उम्मीद जताई जा रही है कि वे वहाँ भी शानदार प्रदर्शन करेंगे।

# जिला चिकित्सालय से जुड़े दस्तावेजों पर पीएमओ के फर्जी हस्ताक्षर करने के आरोप में यूडीसी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जिला कोटपूतली-बहरोड़ के परिवार कल्याण विभाग में पदस्थापित यूडीसी नृसिंह शरण शर्मा को राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय से जुड़े दस्तावेजों पर फर्जी हस्ताक्षर करने के मामले में गिरफ्तार किया गया हैं। आरोपी पर दस्तावेजों में जिला अस्पताल के पीएमओ के फर्जी हस्ताक्षर करने का आरोप हैं। कोटपूतली थानाधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि उक्त मामला 04 मई 2024 को अस्पताल के तत्कालीन पीएमओ डॉ. सुमन यादव द्वारा दर्ज करवाया गया था। शिकायत के अनुसार नृसिंह शरण शर्मा ने चिकित्सा विभाग से संबंधित कुछ दस्तावेजों पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर कर प्रशासन को गुमराह करने की कोशिश की थी। शिकायत के बाद दस्तावेजों को जांच के लिये जयपुर के विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया था। जहां हस्ताक्षरों के फर्जी होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने उसी दिन मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। विधिक पुष्टि के आधार पर पुलिस ने अब आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है एवं पूछताछ जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी ने इस तरह का फर्जीवाड़ा पहले भी किया है या नहीं। यह मामला चिकित्सा विभाग में आंतरिक निगरानी और दस्तावेजीय प्रक्रियाओं की लापरवाही को उजागर करता है, जिससे भविष्य में ऐसे मामलों से निपटने के लिये सतर्कता आवष्यक हो गई हैं।

# घुमाने के बहाने ग्यारह साल के बच्चे का अपहरण कर मांगी फिरौती

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** रामनगरिया थाना इलाके में घुमाने के बहाने ग्यारह साल के बच्चे के अपहरण करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि परिचित ने बच्चे का अपहरण ने उसकी मां को फोन कर फिरौती मांगी और धमकाया कि बच्चा चाहिए तो एक लाख रुपए दो,तुम्हारा बच्चा मेरे पास है। पुलिस ने सूचना मिलने पर पीछा किया । लेकिन पुलिस पकड़ में आने के डर से अलवर में बच्चे को छोड़कर भाग गया। पुलिस ने आठ घंटे में बच्चे को ढूंढ निकाला और फिर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। थानाधिकारी चंद्रभान ने बताया कि आरोपित परिचित जगतपुरा के महल रोड स्थित ढाबे पर रोजाना खाना खाने आता था। इसलिए ढाबा संचालक मां और बच्चे से जान-पहचान हो गई। इसके बाद आरोपित युवक ग्यारह साल के बच्चे पीयूष योगी को घुमाने के बहाने बाइक पर बैठाकर साथ ले गया। यहां से महवा जाने के बाद उसने मां को फोन कर फिरौती मांगी। पुलिस ने उसके मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की तो आगरा रोड महवा की आई। इसके बाद उसका पीछा करना शुरू किया तो वह अलवर के लक्ष्मणगढ़ पहुंच गया। पुलिस ने लक्ष्मणगढ़ पुलिस के सहयोग से क्षेत्र की घेराबंदी की। उसे लगा कि अब पुलिस की घेराबंदी बढ़ती जा रही है तो बच्चे को लक्ष्मणगढ़ के एक रेस्टोरेंट के नजदीक छोड़ कर भाग गया।

# आंगनबाडी बहन सम्मान दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम सरदार विद्यालय में हुआ आयोजित

## जिले की करीब 2500 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिका के बैंक खाते में 501 रुपए डीबीटी से हुए ट्रांसफर

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बहनों का सुरक्षा-सम्मान पर्व अभियान के तहत आंगनबाडी बहन सम्मान दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोटपूतली के सभागार में जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअली माध्यम से जुड़े रहे। इस दौरान एसडीएम कोटपुतली बृजेश चौधरी, आयुक्त नगर परिषद धर्मपाल जाट, उप निदेशक आईसीडीएस सतपाल यादव, जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह यादव, एसीपी डी ओ आईटी सुनील मीणा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका मौजूद रहीं।

**जिला स्तरीय कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का उत्साह**-इस अवसर पर माननीय माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा द्वारा प्रदेश सहित जिले की करीब 2 हजार 500 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के खातों में डीबीटी के माध्यम से 501 रुपए की राशि हस्तांतरित की गई। साथ ही बहन सम्मान के रूप में उन्हें छाते और मिठाई के पैकेट भी भेंट किए गए साथ ही सभी को पोषण की शपथ भी दिलाई गई. इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

जिला कलेक्टर ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं। उन्होंने समाज निर्माण में महिलाओं के योगदान की सराहना की। उन्होंने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जिला प्रशासन के सभी कार्यों में सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। एसडीएम ने कहा कि मां के गर्भधारण से लेकर बच्चे के विद्यालय जाने तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का योगदान अमूल्य है। कठिन परिस्थितियों में भी वे पूर्ण समर्पण और तन्मयता के साथ कार्य करती हैं। मंच का संचालन स्वास्थ्य नोडल अधिकारी रविकांत जांगिड़ ने किया।

# गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक संदीप चौधरी अब लॉन्च कर रहे हैं 1 अरब डॉलर का पर्यावरण-केंद्रित स्टार्टअप

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/ नई दिल्ली।** भारत के प्रतिष्ठित सामाजिक उद्यमी और जलवायु योद्धा संदीप चौधरी एक बार फिर दुनिया भर की सुर्खियों में हैं। उनकी 103वीं स्टार्टअप 'LED Green Projections' को लेकर Forbes ने एक विशेष रिपोर्ट में खुलासा किया है कि यह नया उद्यम 17 सितंबर 2025 को .1 बिलियन (लगभग 8,300 करोड़) की अनुमानित वैल्यूएशन के साथ लॉन्च होगा। इस स्टार्टअप की सबसे खास बात यह है कि इसकी 90त्न कमाई सीधे तौर पर वैश्विक वृक्षारोपण अभियानों और ग्रीन कम्युनिटी मेंबरों को रिवॉर्ड देने के लिए समर्पित होगी। इस मिशन के पीछे है संदीप चौधरी की वह दूरदर्शिता, जिसने पहले ही उन्हें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दिलाया— जब उन्होंने अपनी टीम के साथ एक घंटे में 5 लाख से अधिक पेड़ लगाए।

**क्या है 'LED Green Projections'?**- यह स्टार्टअप प्रोजेक्शन मैपिंग तकनीक के माध्यम से विश्वभर के प्रतिष्ठित स्थलों और इमारतों को एक चलते-फिरते ग्रीन कैनवास में बदल देगा। इन बिल्डिंग्स पर जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संकट और पुनर्जनन जैसे मुद्दों को लेकर विजुअल शो प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना नहीं बल्कि सीधी आर्थिक सहायता जुटाकर वृक्षारोपण और प्रकृति पुनर्जीवन में योगदान देना होगा।

"LED Green Projections सिर्फ एक स्टार्टअप नहीं, बल्कि तकनीक, कला और उद्देश्य का संगम है — यह धरती मां को ठीक करने की दिशा में एक रोशनी की किरण है," संदीप चौधरी ने कहा।

200,000+ से अधिक ग्रीन वॉरियर्स की ताकत इस स्टार्टअप के साथ जुड़ी एक और अनूठी बात है कि यह 200,000 से अधिक ग्रीन-फोकस्ड समुदाय के सदस्यों को जोड़ता है, जिन्हें उनके योगदान के आधार पर इंसेंटिव और रिवॉर्ड मिलेंगे। यह एक कम्युनिटी-बेस्ड, मिशन-सेंट्रिक बिजनेस मॉडल है जो भविष्य की ग्रीन इकॉनमी को आकार दे रहा है।



# कृषि महाविद्यालय का स्थापना दिवस व वार्षिक उत्सव मनाया




बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के अन्तर्गत कृषि महाविद्यालय पाथरेडी, कोटपुतली का 6वाँ स्थापना दिवस व वार्षिक उत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। राधा पटेल, विधायक प्रतिनिधि, कोटपुतली कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थी। मिथिलेश पटेल व डॉ. बीजू शेखावत, प्रिंसिपल, नथमल टोडी बीएड कॉलेज, लक्ष्मणगढ़ कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के डीन डॉ.सुरेन्द्र सिंह ने की। कालेज के डीन डॉ.सुरेन्द्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया तथा कालेज का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया व कालेज में चल रहे विकास कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ने कॉलेज में चल रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की तथा कॉलेज के विकास में हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया। श्रीमति मिथिलेश पटेल ने कॉलेज के कार्यों व विकास को विश्वविद्यालय की उन्नति में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कृषि कालेज को विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त जीरो एनर्जी व ग्रीन कैम्पस बनाने को कहा। कृषि महाविद्यालयों में आर्टिफिशिय लइन्टेलीजेन्स, आईओटी, मशीन लर्निंग पर आधारित कोर्स शुरू करने को कहा। डॉ. शेखावत ने छात्र व छात्राओं को अनुशासन व जीवन के संस्कार अपनाने का संकल्प लेने को कहा। डॉ. शेखावत ने माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा विमोचन किये गये सनातन कैलेण्डर के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने वाले छात्र छात्राओं व खेलकूद तथा सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कालेज के सहायक छात्र कल्याण अधिष्ठाता ने कार्यक्रम के अन्त में धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अतिथियों ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर डॉ. पार्वती मीना, डॉ. विष्णु मीना, डॉ. नीरज मीना, डॉ. प्रवीण पिलानिया, डॉ. प्रवीण हटवाल, डॉ. ओमेश कुमार, डॉ. सुरेन्द्र कुमार, दीपक सैनी, कुन्दन मीना, अंकित, चेतना, अजय, सुमन, सचिन कुमार, सरजीत एवं सुनील, रविन्द्र, भूपेन्द्र सिंह, ओम प्रकाश इत्यादि उपस्थित थे। मंच का संचालन कॉलेज की छात्रा हेमलता प्रचार व कृष्णा यादव ने किया। कार्यक्रम संचालन का संयोजन डॉ. सुशीला ऐंचरा ने किया।

# जयपुर रेलवे स्टेशन पर मिला महिला का शव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी जयपुर के रेलवे स्टेशन पर एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मोर्चरी में रखवाया। फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हुई है। जीआरपी थाना पुलिस ने बताया कि जयपुर रेलवे स्टेशन के मेन गेट के सामने टैक्सी पार्किंग के पास डिवाइडर पर महिला का शव पड़ा था। सूचना पर पुलिस पहुंची और मौका-मुआयना किया। महिला के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले है। आस-पास ऐसा सामान भी नहीं मिला, जिससे पहचान कर सकें।महिला की उम्र करीब 52 साल के करीब है। उसने काली छींटदार टी-शर्ट और भूरे रंग का पायजामा पहन रखा है। उसके दाएं हाथ पर सुनील-पूनम इंग्लिश में गुदा है। दूसरे हाथ में मेहंदी लगी हुई है।

# उमरा करके लौटे जायरीनों का आवीजा पठान ने किया इस्तकबाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/कोटा ।** अनंतपुरा क्षेत्र में मंगलवार को उस समय रूहानी माहौल बन गया जब मक्का मदीना से उमरा अदा कर लौटे जायरीन अपने वतन को लौटे। जायरीन के स्वागत के लिए उनके परिजन, रिश्तेदार और समाज के लोग बड़ी तादाद में मौजूद रहे। जैसे ही जायरीन अपने घर पहुंचे, पूरे मोहल्ले में खुशी की लहर दौड़ गई। जगह-जगह गुलपोशी की गई और मिठाइयों से स्वागत किया गया।

स्थानीय मस्जिदों में विशेष दुआओं का आयोजन किया गया, जहां मौलवियों और धर्मगुरुओं ने जायरीन की कुबूलियत की दुआ मांगी। जायरीन ने बताया कि मक्का और मदीना में इबादत के दौरान उन्होंने कोटा, राजस्थान और पूरे मुल्क के अमन, भाईचारे और तरक्की के लिए दुआ की। मोहल्ले के बच्चों और युवाओं ने भी फूल बरसाकर जायरीन का इस्तकबाल किया। जायरीनों में जफ़र मोहम्मद पठान, मोहम्मद फारुख, मोहम्मद सिराज,शहीद खान,शमीम बानो,मोबिना बेगम, रुबीना बानो, मुमताज बेगम,जहीरा बेगम, और सलमा बेगम शामिल थे। इनके स्वागत के लिए अंजुम बेगम,अमजद खान, फिरोज़ खान,दानिश पठान,रिहान खान,फहीम खान,शबाना खान,निशाद खान, अजरा बानो,शबाना खानम,जीनत खानम,आवीजा पठान,आयशा पठान और आदिल विशेष रूप से उपस्थित रहे। जायरीन ने बताया कि यह सफर बेहद सुकून देने वाला और रूहानी तजुर्बा रहा। वहां की फिजा, हरम शरीफ की रोशनी और तवाफ के लम्हे उन्हें हमेशा याद रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हर मुसलमान को अपनी जिंदगी में एक बार यह मुकद्दस सफर ज़रूर करना चाहिए। इस अवसर पर हाफिज, मौलवी, समाजसेवी और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। माहौल पूरी तरह ईमानी और भाईचारे से लबरेज रहा।










# डॉ. टांक ने खिलाड़ियों को नकदी देकर किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** रोहित क्रिकेट क्लब द्वारा पूर्व क्रिकेटर साथी रोहित नरवाल की 5वीं पुण्यतिथि पर लालकोठी स्थित प्रताप नर्सरी क्रिकेट मैदान में 20-20 ओवर का एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें राधेश्याम की कप्तानी वाली टीम ने ये मुकाबला 62 रन से जीता। मैच में भारत कुंडवारिया आलराउंड प्रदर्शन करके मैन ऑफ द मैच रहे। विजेता टीम को मुख्य अतिथि राजस्थान नेशनल स्पोर्ट्स संघ प्रभारी डॉ. ओपी टांक ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। साथ में आए अन्य अतिथि गोविंद खोड़ा, हेमराज नरवाल, अशोक शर्मा और हेमराज खींची ने अन्य खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं डॉ. ओपी टांक ने विजेता और उप विजेता टीम को ग्यारह-ग्यारह सौ रुपए प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

# राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के पदाधिकारियों ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** उपखंड अधिकारी कार्यालय एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के पदाधिकारियों ने संघ के अध्यक्ष श्रीराम जाट के नेतृत्व में 12 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम रामकरण सिंह को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा है। संघ के पूर्व अध्यक्ष शिवजीलाल ताखर ने बताया कि ज्ञापन में तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानांतरण करने, शिक्षकों को गैर शैक्षिक कार्यो से मुक्त करने, रिक्त पदों को भरने एवं बच्चों की सुरक्षा एवं शैक्षिक ढांचे की मजबूती के लिए नए भवनों का निर्माण करवाने सहित 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन देने वालों में शिवजीलाल ताखर, प्रहलाद गुर्जर, विनोद जैन, भंवरलाल चौधरी, मुकेशकुमार जैन, रमेशचन्द मीणा, मनमोहन चौधरी, सुरेशचन्द यादव, ओमकंवर राजावत, शिवजीलाल खंगार, रामधन गुर्जर, रमेशचन्द वर्मा, सुमनलता व अंजू शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# देवनारायण बोर्ड की तर्ज़ पर आदिवासी बोर्ड के गठन की मांग,

## राष्ट्रीय अध्यक्ष सी.एल.ठीकरिया ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान

**मेहंदीपुर बालाजी ( नि.स. )।** शराब मुक्त अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सी.एल.ठीकरिया ने मंगलवार को देवनारायण बोर्ड की तर्ज पर आदिवासी बोर्ड के गठन की मांग को लेकर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को पत्र लिखा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठीकरिया ने पत्र में लिखा है कि आदिवासी समाज की सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक प्रगति के लिए एक स्वतंत्र आदिवासी बोर्ड का गठन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिस तरह देवनारायण बोर्ड ने गुर्जर समाज के कल्याण में अहम भूमिका निभाई है, उसी तरह एक समर्पित बोर्ड आदिवासी समुदाय की समस्याओं को हल करने और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने में मदद करेगा। उन्होंने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि राज्य के आदिवासी क्षेत्र आज भी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। यदि एक आदिवासी बोर्ड का गठन होता है, तो यह न केवल योजनाओं की निगरानी करेगा, बल्कि सरकार और समाज के बीच एक सेतु की तरह काम करेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष सी.एल.ठीकरिया ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि इस मांग पर शीघ्र निर्णय लेते हुए राज्य स्तर पर आदिवासी बोर्ड का गठन किया जाए ताकि समाज को उनका हक और पहचान मिल सके।

### समाज के जनप्रतिनिधियों से की अपील.

राष्ट्रीय अध्यक्ष सी.एल. ठीकरिया ने समाज के संगठनों, जनप्रतिनिधियों, तथा आम लोगों से अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के विधायकों से मिलकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखवाएं, ताकि यह मांग मजबूत तरीके से सरकार तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों पर समाज का नैतिक दायित्व है कि वे अपने लोगों की आवाज सरकार तक पहुंचाएं।

## सम्पादकीय

# पश्चिम के आगे झुकने का युग समाप्त, ट्रंप की धमकी पर भारी पड़ेगी मोदी की कूटनीति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज एक जटिल कूटनीतिक और राजनीतिक परिस्थिति का सामना कर रहे हैं। एक ओर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए शुल्क बढ़ाने और दंडात्मक कार्रवाई की धमकी दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी भारत-रूस ऊर्जा साझेदारी को मजबूती से बनाए रखना चाहते हैं। इसके पीछे सिर्फ आर्थिक कारण नहीं, बल्कि एक व्यापक भू-राजनीतिक संदेश भी है कि पश्चिम के सामने झुकने का युग अब समाप्त हो चुका है।

प्रधानमंत्री मोदी के लिए यह चुनौती केवल बाहरी नहीं है। देश के भीतर कांग्रेस जैसे विपक्षी दल उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से निकटता पर तंज कस रहे हैं। माई फ्रेंड डोनाल्ड जैसे वाक्य अब राजनीतिक व्यंग्य बन चुके हैं। कांग्रेस यह सवाल उठा रही है कि अगर अमेरिका से घनिष्ठता इतनी ही प्रभावशाली थी, तो भारत को टैरिफ धमकी क्यों झेलनी पड़ रही है? देखा जाये तो यह आलोचना राजनीतिक रूप से स्वाभाविक है, पर इसमें कूटनीतिक यथार्थ की गहराई को नजरअंदाज किया जा रहा है। भारत आज आर्थिक, सामरिक और राजनीतिक दृष्टि से एक उभरती शक्ति है और ऐसे में विश्व के साथ उसकी मोल-भाव करने की शैली भी बदली है। मोदी जिस भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, वह न केवल अपने हितों की रक्षा करना जानता है, बल्कि विकल्पों का निर्माण भी कर रहा है— जैसे ब्रिक्स+ का मंच, ऊर्जा विविधता की दिशा में कदम और नए व्यापारिक सहयोग।

देखा जाये तो मोदी सरकार वैश्विक मंचों पर ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं की प्रतिनिधि बनकर उभरी है। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी प्रतिबंधों और नैतिक उपदेशों के बावजूद भारत ने रूस के साथ अपने हितों को स्वतंत्र रूप से साधने की नीति अपनाई। यह वही रणनीतिक स्वायत्तता है, जिसकी बात भारत दशकों से करता आया है, पर जिसे आज व्यवहार में लाने का साहस शायद पहली बार किसी सरकार ने इस हद तक दिखाया है।

इसके अलावा, मोदी है तो मुमकिन है सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि इस समय एक परीक्षण की कसौटी बन चुका है। प्रधानमंत्री को अब यह साबित करना है कि वह पश्चिम के दबाव को संतुलित करते हुए, रूस से रिश्ते बनाए रखते हुए और विपक्ष की आलोचनाओं को दरकिनार करते हुए भारत को एक स्वाभिमानी, आत्मनिर्भर और वैश्विक नेता के रूप में उभार सकते हैं।

देखा जाये तो इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए मोदी को तीन स्तरों पर निर्णायक पहल करनी होगी- 1. अमेरिका के साथ संवाद बनाए रखते हुए, ट्रेड वार को टालना होगा और भारत की रणनीतिक स्वायत्तता की स्पष्ट पैरवी करनी होगी। 2. घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना होगा ताकि आयात और शुल्क जैसे हथियारों का असर सीमित हो और ऊर्जा आपूर्ति में विविधता भी लानी होगी। 3. आंतरिक एकता और विपक्ष के प्रहारों का उत्तर तथ्यों और नीतिगत पारदर्शिता से देना होगा, ताकि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि दिखाई दे। देखा जाये तो यह वह घड़ी है जब प्रधानमंत्री मोदी को नेतृत्व के अपने सबसे कठिन अध्याय में प्रवेश करना पड़ा है। लेकिन यदि वे इस दौर को सफलता से पार कर जाते हैं, तो यह केवल उनकी नहीं, बल्कि एक नए भारत की विजय होगी— जो दबाव में नहीं झुकता, हितों की रक्षा करता है और दुनिया को सम्मान के साथ संवाद करना सिखाता है। और तब शायद 'मोदी है तो मुमकिन है' सिर्फ चुनावी नारा नहीं, अंतरराष्ट्रीय राजनीति का यथार्थ भी बन जाएगा।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 6 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- ब्रुसेल्स में 1821 को 'कौरियर ऑफ पेज बास' अखबार का प्रथम संस्करण प्रकाशित।
- बोलीविया ने 1825 में पेरू से स्वतंत्रता हासिल की।
- मद्रास उच्च न्यायालय की स्थापना 1862 में की गई।
- प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी चित्तरंजन दास और अन्य कांग्रेसी नेताओं ने मिलकर वंदेमातरम समाचार पत्र का प्रकाशन 1906 में प्रारंभ किया।
- ऑस्ट्रिया ने 1914 में रूस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- अमेरिका ने 1945 में जापान के हिरोशिमा शहर पर परमाणु बम गिराए।
- क्यूबा ने 1960 में देश के सभी प्रॉपर्टी का राष्ट्रीयकरण किया।
- जमैका में 1962 को यूनाइटेड किंगडम का सम्राज्य समाप्त हुआ और उसे स्वतंत्रता मिली।
- अमेरिका के नेवादा में विश्व के सबसे प्राचीन वृक्ष प्रोमेथस को 1964 में काटा गया।
- नासा ने 1996 में मंगल पर जीवन होने की संभावना जताई।
- भारत व ऑस्ट्रेलिया में 2001 को आर्थिक समझौता।
- भारत और पाकिस्तान में तनाव के कारण ऑस्ट्रेलिया ने 2002 में पाकिस्तान से अपने नागरिकों को वापस बुलाया।
- वर्ष 2000 में फिजी के प्रधानमंत्री महेन्द्र चौधरी के ख़िलाफ़ तख्तापलट के मामले में उपराष्ट्रपति जोपे सेनीलोली को 2004 में 4 वर्ष की जेल।
- दोनों देश 2005 में सीमा पर साझा गस्त तेज करने पर सहमत।
- मध्य त्रिनिदाद में एक पुराने हिन्दू मन्दिर को 2007 में क्षतिग्रस्त कर दिया गया।
- हंगरी के वैज्ञानिकों ने 2007 में लगभग 80 लाख साल पुराने देवदार के वृक्ष का जीवाश्म प्राप्त करने का दावा किया।
- सरकारी कंपनी भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) को 2008 में अन्ध्र प्रदेश के कृष्णा पट्टनम में 880 मेगावाट का सुपर क्रिटिकल बॉयलर लगाने का आर्डर मिला जो इस श्रेणी का पहला आर्डर है।
- जम्मू-कश्मीर में 2010 को अचानक आई बाढ़ से कम से कम 255 लोग मारे गए।
- थाईलैंड में 2011 को प्यूइआ थाई दल की यिंगलुक शिनवात्रा शुरिवार देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
- अफगानिस्तान के पूर्वी हिस्से में 2011 को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन के हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से 31 अमेरिकी और सात अफगानी सैनिकों की मौत हो गई।
- नासा का क्यूरिओसिटी रोवर 2012 में मंगल ग्रह पर पहुंचा।
- ऑस्ट्रिया द्वारा रूस के विरुद्ध युद्ध की घोषणा 1914 में की।
- जापानी नगर हिरोशिमा पर 1945 में अमेरिका ने पहला परमाणु बम गिराया।

**6 अगस्त को जन्मे व्यक्ति**

- जापान के सम्राट गो टोबा का जन्म 1180 को हुआ था।
- स्वतंत्रता सेनानी तथा गुजरात और मध्य प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल के. एम. चांडी का जन्म 1921 को हुआ था।
- भारत के पाँचवें लोकसभा अध्यक्ष गुरदयाल सिंह ढिल्लों का जन्म 6 अगस्त 1915 को हुआ था।
- भारतीय क्रिकेटर ए. जी. कृपाल सिंह का जन्म 1933 को हुआ था।
- भारत के प्रसिद्ध पर्यावरण कार्यकर्ता राजेन्द्र सिंह का जन्म 1959 को हुआ था।

## विशेष आलेख

# टैबलेट या सरकारी खिलौने? तकनीकी शिक्षा का बड़ा धोखा



डॉ. सत्यवान सौरभ

**हरियाणा सरकार ने कोविड काल में 700 करोड़ रुपये खर्च कर 5 लाख छात्रों को टैबलेट बांटे थे, जिनका उद्देश्य डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देना था। परंतु तीन साल बाद इन टैबलेट्स में न तो सिम कार्ड हैं, न इंटरनेट की सुविधा, और न ही इनसे पढ़ाई हो रही है। इनमें 2025-26 तक का सिलेबस तो अपलोड है, लेकिन उपयोग शून्य। यह लेख सरकारी तंत्र की लापरवाही, नीति निर्माण की खामियों और बच्चों के भविष्य के साथ हुए छल पर सवाल उठाता है। तकनीक का दिखावा शिक्षा के अधिकार की हत्या बन चुका है।**

कोविड-19 ने भारत समेत पूरी दुनिया को शिक्षा के डिजिटल स्वरूप की अहमियत से रूबरू कराया। जब स्कूल बंद थे, तब ऑनलाइन क्लास ही बच्चों की एकमात्र शैक्षणिक जीवन रेखा बनी। ऐसे में हरियाणा सरकार द्वारा 700 करोड़ की लागत से 5 लाख छात्रों को टैबलेट बाँटना एक प्रशंसनीय निर्णय प्रतीत हुआ। योजना थी कि छात्र आधुनिक तकनीक से जुड़ेंगे, डिजिटल ज्ञान की दुनिया में कदम रखेंगे और सरकारी शिक्षा का स्तर ऊँचा उठेगा। लेकिन जैसे-जैसे वक्त बीता, यह योजना एक झूठे वादे, दिखावटी प्रयास और भारी भरकम बजट की बर्बादी में बदलती गई। एक रिपोर्ट ने इस योजना की सच्चाई उजागर की। रिपोर्ट के अनुसार, टैबलेट वितरण के तीन साल बाद भी छात्रों ने इनका सही उपयोग नहीं किया। ये टैबलेट आज बिना सिम, बिना इंटरनेट सुविधा और बिना कोई तकनीकी सहायता के बंद पड़े हैं। इनमें तीन साल का सिलेबस जरूर अपलोड है, पर पढ़ाई नहीं हुई। शिक्षा मंत्री तक को अब इस स्थिति की जानकारी मिली है और वे मुख्यमंत्री से मिलने की तैयारी में हैं। यह कोई साधारण चूक नहीं है। यह शिक्षा के नाम पर किया गया राजनीतिक ढकोसला है। ऐसी योजनाएं न केवल छात्रों का समय और भविष्य बर्बाद करती हैं, बल्कि समाज के सबसे कमजोर तबके — गरीब, दलित, ग्रामीण बच्चों — के साथ अन्याय भी करती हैं, जो केवल सरकारी स्कूलों में ही पढ़ पाते हैं।

**प्रश्न यह है कि इतनी बड़ी योजना की बुनियादी विफलता का जिम्मेदार कौन है?**

सरकार ने बिना ज़मीनी तैयारी किए यह योजना लागू की। टैबलेट तो बांट दिए गए, लेकिन इनमें सिम कार्ड या नेटवर्क नहीं था। स्कूलों में वाई-फाई की व्यवस्था नहीं थी। शिक्षकों को प्रशिक्षण नहीं दिया गया कि इन टैबलेट्स से पढ़ाना कैसे है। तकनीकी सहायता के लिए कोई हेल्पलाइन या सपोर्ट स्टाफ नहीं था। बच्चों के घरों में बिजली और चार्जिंग की सुविधा भी सुनिश्चित नहीं की गई। इन बुनियादी सवालों को दरकिनार कर केवल टैब बांटना ही योजना मान लिया गया। यह सोच ही असफलता का बीज थी। टैबलेट बाँटना ही शिक्षा नहीं है बल्कि उन्हें उपयोगी बनाना, बच्चों को प्रशिक्षित करना, और शिक्षकों को इसके प्रति संवेदनशील बनाना असल काम था। इस विफलता का बड़ा कारण हमारी नौकरशाही और राजनीतिक संस्कृति है, जहाँ योजनाएं सिर्फ %दिखावे% के लिए बनाई जाती हैं। फोटो खिंचवाना, प्रेस विज्ञप्ति जारी करना और सोशल मीडिया पर तालियाँ बटोरना असली उद्देश्य बन जाता है। योजना ज़मीन पर कैसे उतर रही है, इसकी कोई जवाबदेही नहीं होती।

इसका सीधा असर बच्चों पर पड़ा है। सोचिए एक ग्रामीण बच्चे को टैबलेट तो मिला, लेकिन उसमें इंटरनेट नहीं, शिक्षक नहीं, मार्गदर्शन नहीं ऐसे में वह टैबलेट उसके लिए सिर्फ एक इलेक्ट्रॉनिक खिलौना बनकर रह गया।

योजना का दूसरा पहलू यह है कि शिक्षा विभाग ने इन टैबलेट्स में पहले से ही तीन साल का सिलेबस अपलोड कर दिया था। यानी मान लिया गया कि बच्चों को बस टैब मिल जाए, पढ़ाई अपने आप हो जाएगी। यह सोच बताती है कि शिक्षा विभाग बच्चों को उपभोक्ता की तरह देख रहा है, विद्यार्थी की तरह नहीं। अब सवाल यह उठता है क्या टैबलेट में पाठ्यक्रम अपलोड कर देना ही शिक्षा है? क्या शिक्षक की भूमिका इतनी नगण्य हो गई है कि वह केवल एक फॉर्मेलिटी भर है? क्या डिजिटल शिक्षा का अर्थ केवल डिवाइस बाँटना भर है? शिक्षा एक संवाद है एक दोतरफा प्रक्रिया। इसमें तकनीक एक माध्यम हो सकता है, साध्य नहीं। जब तक शिक्षक, छात्र और सामग्री तीनों एक साथ न जुड़ें तब तक शिक्षा अधूरी है। टैबलेट अकेले इस त्रिकोण को पूरा नहीं कर सकते। इस पूरे घटनाक्रम में एक और हैरान कर देने वाली बात यह है कि योजना के तीन साल बाद तक भी कोई ऑडिट नहीं हुआ। किसी अधिकारी ने यह जानने की कोशिश नहीं की कि टैबलेट इस्तेमाल हो रहे हैं या नहीं। यह दर्शाता है कि शिक्षा विभाग में योजना का मूल्यांकन और निगरानी तंत्र कितना कमजोर है।

सच्चाई यह है कि इस तरह की योजनाओं में भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और राजनीतिक प्रचार का एक घिनौना खेल चलता है। टैबलेट की खरीद से लेकर वितरण तक कई स्तरों पर घालमेल संभव है — और यही कारण है कि शिक्षा विभाग इस विफलता पर चुप्पी साधे बैठा है। क्या इसका समाधान नहीं है? बिल्कुल है।

सरकार को तुरंत टैबलेट्स की स्थिति का सर्वेक्षण करवाना चाहिए। हर स्कूल में वाई-फाई सुविधा अनिवार्य रूप से स्थापित होनी चाहिए। शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा का प्रशिक्षण दिया जाए। हर स्कूल में एक तकनीकी सहायक नियुक्त किया जाए। हर महीने टैबलेट उपयोग का डेटा सार्वजनिक किया जाए। भविष्य में कोई भी डिजिटल योजना लागू करने से पहले पायलट प्रोजेक्ट ज़रूरी हो।

और सबसे ज़रूरी बात शिक्षा के क्षेत्र में नीति बनाते समय ज़मीन से जुड़े शिक्षकों और छात्रों की राय को शामिल किया जाए। केवल सचिवालय में बैठकर योजनाएं बनाना अब शिक्षा के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

हमें यह समझना होगा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाला बच्चा भी एक सपना लेकर आता है वह डॉक्टर बनना चाहता है, वैज्ञानिक, टीचर या लेखक बनना चाहता है।

# विवाह: कंक्रीट के जंगल में बदलती परिभाषा



डॉ नयन प्रकाश गांधी

**भारतीय विवाह व्यवस्था, जो सदियों से परंपरा और स्थायित्व का प्रतीक रही है, आज शहरीकरण के तेज़ प्रवाह के साथ एक गहरे और बहुआयामी परिवर्तन के दौर से गुज़र रही है। गाँवों से शहरों की ओर बढ़ता पलायन केवल भौगोलिक दूरी नहीं बढ़ा रहा, बल्कि यह पारंपरिक संयुक्त परिवार के सदियों पुराने ढांचे पर भी गहरा दबाव डाल रहा है, जिससे विवाह के अर्थ, अपेक्षाएँ और भविष्य की दिशा बदल रही है।**

इस बदलाव के केंद्र में पारंपरिक संयुक्त परिवार व्यवस्था का विघटन और एकल (न्यूक्लियर) परिवारों का उदय है। आज वैवाहिक रिश्ते से पहले मां बाप अपनी बेटी के लिए ऐसा वर देख रहे है जो अकेला रहता हो जिसका पैकेज उच्च हो ,चाहे पारिवारिक स्तर ,निम्न हो , चाह है तो बस मेट्रो सिटी की ।जैसा कि विदित है जहाँ संयुक्त परिवार एक पीढ़ीगत सपोर्ट सिस्टम प्रदान करता था, वहीं शहरी जीवन की भागदौड़ और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं ने एकल परिवारों को बढ़ावा दिया है। इससे पति-पत्नी को अधिक स्वतंत्रता और निजी स्पेस तो मिला है, लेकिन संकट के समय भावनात्मक और आर्थिक सहारे की वह परंपरागत सुरक्षा कवच भी कमज़ोर हुआ है, जो पहले बड़े-बुजुर्गों और रिश्तेदारों के रूप में सहज उपलब्ध था। जिसे हमने हाल ही में करोना काल में महसूस किया कई महिलाएं है जिन्होंने एकल परिवार की वजह से बिना स्पोर्ट सिस्टम की वजह से अपना पति खोया है किसी ने अपने बच्चे को खोया है ,कही परिवार के परिवार उजड़ गए ,केवल और केवल न्यूक्लियर फैमिली की वजह से । इस रूपांतरण का सबसे महत्वपूर्ण पहलू महिलाओं की बदलती भूमिका और उनकी बढ़ती आत्मनिर्भरता है। शिक्षा का प्रसार, रोज़गार के बढ़ते अवसर और आर्थिक स्वतंत्रता ने



महिलाओं को एक नया आत्मविश्वास दिया है, जिससे वे अब विवाह में केवल एक मूक भागीदार नहीं, बल्कि समानता, सम्मान और भावनात्मक संतुष्टि की अपेक्षा रखने वाली एक बराबर की हितधारक बन गई हैं। वे पुराने पितृसत्तात्मक नियमों को चुनौती दे रही हैं और अपनी खुशी व व्यक्तिगत विकास को प्राथमिकता दे रही हैं, जिसके चलते अपमानजनक या असंगत विवाहों को चुपचाप सहने की प्रवृत्ति घट रही है। इसी सामाजिक मंथन का एक प्रत्यक्ष परिणाम बड़े शहरों में तलाक के बढ़ते मामलों के रूप में सामने आ रहा है। युवा मैनेजमेंट विश्लेषक,डेवलपमेंट पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट डॉ नयन प्रकाश गांधी का कहना है कि दिल्ली,मुंबई,हैदराबाद ,चेन्नई , बेंगलुरु ,जयपुर ,नोएडा ,इंदौर ,भोपाल ,अहमदाबाद ,सूरत जैसे महानगरों में तलाक की दर राष्ट्रीय औसत से कई गुना अधिक है, और बीते कुछ वर्षों में तलाक के लिए आवेदन करने वालों की संख्या में तीन गुना तक की वृद्धि देखी गई है। यह आँकड़ा केवल एक सांख्यिकीय बदलाव नहीं, बल्कि एक गहरे सामाजिक परिवर्तन का संकेत है। शहरी समाज में तलाक को लेकर जुड़ा कलंक धीरे-धीरे कम हो रहा है, जिससे विशेषकर महिलाएँ, एक असमर्थकारी रिश्ते से बाहर निकलने का साहस जुटा पा रही हैं। हालाँकि, यह प्रवृत्ति ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी उतनी प्रबल नहीं है, जहाँ सामाजिक दबाव और कलंक की जड़ें कहीं ज़्यादा गहरी हैं। आधुनिक जीवनशैली और मीडिया के प्रभाव ने भी व्यक्तिगत स्वतंत्रता, भावनात्मक अनुकूलता और मानसिक शांति जैसी अवधारणाओं को वैवाहिक जीवन के केंद्र में ला दिया है. जिससे असहज या अपमानजनक रिश्ते अब लंबे समय तक टिक नहीं पा रहे हैं। विवाह विच्छेद के बाद का जीवन भी शहरी परिवेश में नई चुनौतियाँ पेश करता है। विशेषकर महिला-प्रधान एकल परिवारों को अक्सर आर्थिक असुरक्षा, आवास की समस्या और गहरे मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। शहरों में किफायती कानूनी सलाह और पेशेवर काउंसलिंग जैसी सहायक प्रणालियों का भारी अभाव इस संघर्ष को और भी कठिन बना देता है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



चित्रांश जैन
(युवा उधोगपति)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं युवा उधोगपति चित्रांश जैन। एक पिता का गर्व तब ऊंचा होता है जब बेटा संस्कारित व सामजिक व्यवस्थाओं को समझने व जानने लगता है। यदि कम उम्र में ही सामाजिक या व्यवहारिक जिम्मेदारी का निर्वहन हो तो इसे सोने पे सुहागा कहा जा सकता है। कुछ ऐसा ही है हमारा चित्रांश।

श्री दुलीचन्द जी जैन – श्रीमती निर्मला जैन के ज्येष्ठ पौत्र के रूप में धार्मिक – सामाजिक क्षेत्र में निरन्तर सक्रिय रहने वाले परिवार में जन्म हुआ चित्रांश जैन का।

दादाजी – दादीजी जो कि भारतीय खाद्य निगम में सेवारत रहे और अपने पारिवारिक दायित्व निर्वहन के साथ धार्मिक-सामाजिक कार्यों में भी अनवरत सक्रिय रहे हैं। उन्हीं के संस्कारों का परिणाम रहा है कि अरिहन्त पब्लिसिटी के श्री नीरज जैन – श्रीमती रावुल जैन के बड़े पुत्र के रूप में 16 अप्रैल सन 1999 में जन्म लेने वाले चित्रांश ने अपनी लौकिक शिक्षा अलवर पब्लिक स्कूल से पूर्ण करने के बाद देश की प्रतिष्ठित एमिटी यूनिवर्सिटी से फ़िल्म एवं ह्ल1 प्रोडक्शन में शिक्षा पूर्ण करने के बाद अंतराष्ट्रीय स्तर पर नामचीन प्राइम फोकस कंपनी से कलर ग्रेडिंग, वीएफएक्स की ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूर्ण की।

इसी के साथ माया एकेडमी से भी सिनेमेटिक्स का डिप्लोमा प्राप्त किया।

प्राइम फोकस के बाद चित्रांश जैन ने दूरदर्शन मुख्य स्टुडियो दिल्ली में भी कार्य का अनुभव लिया। डिजीटल क्षेत्र में अपनी फर्म अरिहन्त एडवर्ड प्रारम्भ करने के बाद माध्यम स्टूडियो के माध्यम से जिलेभर में पहचान अर्जित की है। आज अपने पिता की जिम्मेदारी का बखूबी निभा रहे हैं। आने जाने वालों का सम्मान करना उनकी परवरिश को बयां करता है।

युवा उधोगपति हैं चित्रांश अपने विवेक से हर किसी को पूर्णतया संतुष्ट करने का सफल प्रयास करते हैं। सरल व सहज जीवन शैली में रहकर आजकल की युवा पीढ़ी को एक सन्देश भी दे रहे हैं कि मंजिल पानी है तो धर्य और सरलता को अपने साथ रखना होगा। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है। –रूपक शर्मा

## Today
बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 6 | | 8 | | | |
| 5 | 6 | | 9 | | | | 2 | |
| 1 | 9 | 7 | 2 | 4 | | 3 | | |
| | 8 | | | 9 | 7 | | | 1 |
| | 3 | | 1 | | 6 | | | 5 |
| | | 9 | 5 | | 3 | 4 | 6 | |
| | | | 3 | 5 | | 1 | | 8 |
| | | | | 6 | | | 4 | 3 |
| | 7 | 3 | | | 9 | 6 | | 2 |

### Yesturday Ans

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 3 | 6 | 7 | 5 |
| 7 | 9 | 2 | 6 | 4 | 5 | 8 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 | 3 | 4 | 8 |
| 6 | 3 | 4 | 8 | 1 | 2 | 5 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 9 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 1 | 4 | 3 | 7 | 8 | 6 | 2 | 5 | 9 |
| 8 | 2 | 6 | 4 | 5 | 9 | 7 | 1 | 3 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
पुराना रोग उभर सकता है। अनहोनी की आशंका रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। आय में निश्चितता रहेगी।

**वृष**
किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में बुद्धिबल से उन्नति होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है।

**मिथुन**
राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है।

**कर्क**
राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है।

**सिंह**
प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे।

**कन्या**
पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। अज्ञात भय सताएगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कुसंगति से बचें। चिंता रहेगी। धन प्राप्ति में अवरोध दूर होंगे।

**तुला**
राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में जल्दबाजी हानि देगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। अनहोनी की आशंका रहेगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। मानसिक बेचैनी रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अधिकार प्राप्ति के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भागदौड़ रहेगी।

**धनु**
आंखों को चोट व रोग से बचाएं। धन प्राप्ति सुगम होगी। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। थकान व कमजोरी महसूस हो सकती है।

**मकर**
आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभप्रद रहेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**कुंभ**
घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। निवेश लाभदायक रहेगा। घर में सुख-शांति रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा।

**मीन**
शत्रु भय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। आर्थिक उन्नति होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

## कल्याण सोनी बने सर्राफा एसोसियशन के अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** सर्राफा एसोसियशन के चुनाव को लेकर बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से कल्याण सोनी को सर्राफा एसोसियशन के अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। मीडिया प्रभारी अंकुर चंवरिया ने बताया कि नवनियुक्त अध्यक्ष कल्याण सोनी ने कार्यकारणी में संरक्षक के पद पर कन्नू सोनी, महामंत्री महेश सोनी व कोषाध्यक्ष के पद पर अनिल चंवरिया को मनोनीत किया गया। इस दौरान नवनियुक्त कार्यकारणी को माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

## भाजपा ने हर घर तिरंगा, तिरंगा यात्रा अभियान के संयोजक एवं सहसंयोजक नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार सवाई माधोपुर भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की सहमति से जिला महामंत्री विनोद अटल द्वारा हर घर तिरंगा, तिरंगा यात्रा एवं विभाजन की विभिषिका स्मृति दिवस के सफल आयोजन हेतु जिला संयोजक एवं सहसंयोजको की नियुक्ति की है । जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि अभियान का संयोजक पूर्व यूआईटी चेयरमैन जगदीश अग्रवाल को एवं सहसंयोजक जमनालाल वैष्णव और गंगाशंकर गौतम को नियुक्त किया गया है ।

## स्वच्छता के लिए बालकों को स्वच्छता की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय भांवती में बंधन कोननगर सामाजिक संस्था के तत्वावधान में बच्चो में व्यक्तिगत स्वच्छता रखने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टीम लीडर पूजा कटारिया व एचसीओ बुलबुल सैनी ने बताया कि कोटक महिन्द्रा बैंक द्वारा संचालित बंधन कोननगर संस्था द्वारा महिला एवं बच्चों में कुपोषण की रोकथाम के लिए समुदाय को जागरूक करने का कार्य किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम को लेकर संस्था द्वारा राजकीय विद्यालय भांवती में बच्चों में व्यक्तिगत स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों को व्यक्तिगत स्वछता का महत्व समझाने के साथ दैनिक जीवन में स्वच्छता बानाए रखने की जानकारी दी। स्वच्छता शिविर में प्रधानाध्यापक जगदीश जाट ने संस्था के कार्यो की सराहना की गई एवं अन्य लोगों को भी इस अभियान में सहयोग करने का आह्वान किया।

## किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में लगाए 251 छायादार पौधे

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** श्रावण मास पर रक्तांचल पर्वत पर स्थित किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में वन सुरक्षा समिति के तत्वावधान में पौधारोपण का आयोजन किया गया। वन चेतना प्रभारी रामफूल शर्मा ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में 251 फल व छायादार पौधे लगाए गए। उन्होंने बताया कि समाजसेवी मोहनलाल बैरवा ने अपनी मां के नाम 101 पौधे लगाकर पंचवटी की स्थापना की। वन सुरक्षा समिति निवाई ग्रामीण के अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी व समाजसेवी प्रेमचंद खंगार ने सभी पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण की जिम्मेदारी ली। खणदेवत रोड पर स्थित नर्सरी से वृक्ष यात्रा को वृक्ष मित्र कानाराम माली ने रवाना किया। वृक्ष यात्रा में फाईटर डिफेंस एकेडमी के युवा पौधों को हाथों में लेकर चल रहे थे। इस अवसर पर हेमराज शर्मा, जगमोहन गौतम, मोहनलाल जेसीबी व जितेंद्र शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रुद्राभिषेक को लेकर भगवान भोलेनाथ का किया पंचामृत से अभिषेक,

### अस्तल वाले बालाजी मंदिर में आयोजित रुद्राभिषेक में उमड़े श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** पटेल रोड पर स्थित अस्तल वाले बालाजी मंदिर के शंकर भगवान मंदिर में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर कमेटी सदस्य राजेश चौधरी गुरुजी ने बताया कि विद्वान पंडितों के सानिध्य में भोले शंकर की झांकी सजाकर वैदिक मंत्रोचार के साथ भगवान भोले शंकर का पंचामृत से स्नान करवाया गया। मंत्रोचारण से आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो गया। उन्होंने बताया कि संत मोनी बाबा, प्रतिपक्ष नेता डोली चौधरी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट शंकरलाल चौधरी, सुभाष चौधरी, रामेश्वर चौधरी, बद्री गुर्जर, कैलाश चौधरी, रमेश चौधरी, मुकेश पारीक, रामबाबू चौधरी, पारस पहाड़ी, रवि पारीक, तारा मोदी, धर्म पहाड़ी, गोपाल पारीक व कालू पहाड़ी सहित कई श्रद्धालुओं ने भेलेनाथजी का दूध सहित पंचामृत से अभिषेक किया। दोपहर बाद महिला मंडल द्वारा सत्संग का आयोजन करके महाआरती की गई। इस दौरान महाप्रसादी का आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।

## राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारियों ने वेतन बढाने की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**निवाई ( का.स. )।** राजस्थान विद्युत तकनीकी एफ आरटी कर्मचारी एसोसियशन ने एरियर व वेतन बढाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी रामकरणसिंह को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि राजस्थान विद्युत तकनीकी एफ आरटी कर्मचारियों का पिछले 9 वर्षो से एरियर काटा जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछली सरकार के समय प्रतिदिन 26 रूपए वेतन बढाया गया था। जो आज तक नहीं मिला है। उन्होंने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर वेतन बढाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र स्वामी, सचिव नरेन्द्र सिंह, सतीश स्वामी, भंवर सैनी, विष्णु जायसवाल, नरेन्द्र गुर्जर, सत्यनारायण शर्मा, मांगीलाल जैन, जगदीश सैनी, ओमप्रकाश, विनोद शर्मा व हनुमान गुर्जर सहित कई राजस्थान विद्युत तकनीकी एफ आरटी कर्मचारी मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी बहन सम्मान दिवस पर आंगनबाड़ी बहनों के खातों में पहुंचा राखी का उपहार

## उत्कृष्ट कार्य करने वालों का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** आंगनबाड़ी बहनों के सम्मान समारोह का राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जयपुर के बिड़ला सभागार में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में मंगलवार को आयोजित किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से जिला मुख्यालय के कृषि ऑडिटोरियम में प्रसारण किया गया।

इस अवसर पर विधायक राजेंद्र गुर्जर ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण एवं सुरक्षा को लेकर संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश एवं समाज की उन्नति के लिए महिलाओं का आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों को सुपोषित एवं शिक्षित करने के पहले केंद्र है। इसलिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि विकसित समाज के लिए यह आवश्यक है कि महिलाओं को समान अवसर मिले। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने आंगनबाड़ी बहनों के प्रति सम्मान भाव रखते हुए बहनों के सुरक्षा, सम्मान के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। इस बार उन्होंने रक्षा बंधन के पर्व पर रोडवेज बसों में 2 दिन नि:शुल्क यात्रा की सौगात दी है। सरकार महिलाओं के लिए हर क्षेत्र में सेवा, सुरक्षा और सशक्तिकरण की भावना के साथ कार्य कर रही है। जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। पिछले 18 माह में राज्य सरकार ने महिलाओं के कल्याण को केंद्र में रखकर अनेक योजनाएं धरातल पर उतारी है। बालिका शिक्षा, पोषण सरकार की प्राथमिकता में है।

जिला कलेक्टर ने कहा कि रक्षा बंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने जिले में कार्यरत 2 हजार 951 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को राज्य सरकार की ओर से 501 रुपये (कुल 14 लाख 78 हजार 451) रुपये की राशि खातों में डीबीटी तथा सभी को छाता एवं मिठाई राखी के उपहार स्वरूप प्रदान की है।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक सरोज मीणा, महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक मेरिंगटन सोनी, एसीईओ ललित कुमार समेत, ओमप्रकाश गुप्ता, निलिमा आमेरा, अंजली गुप्ता समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रही।



**उत्कृष्ट कार्य करने वालों का किया सम्मान**

**अतिथियों ने विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। महिला अधिकारिता विभाग द्वारा लाडो प्रोत्साहन योजना में बालिकाओं को लाडो बधाई संदेश एवं बेबी किट का वितरण किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने विधायक राजेंद्र गुर्जर, रामसहाय वर्मा, जिला प्रमुख सरोज बंसल को रक्षा सूत्र भी बांधे। सभी ने पोषण शपथ ली। मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापक विमल कुमार जैन ने किया।**

## शक्ति दिवस पर स्कूलों मे हुई एनिमिया की जांच

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** शक्ति दिवस के अवसर पर मंगलवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग व भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में जिले के चयनित 46 विद्यालयों में छात्राओं का हिमोग्लोबिन परीक्षण एनीमिया जांच शिविर एवं एनीमिया के बारे में जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविरों में बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर हीमोग्लोबिन की जांच कर दवा दी गयी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जेमिनी ने बताया कि एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत बच्चों, किशोर-किशोरियों, प्रजनन उम्र की महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनीमिया की दर कम करने के लिए प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप आयोजित किया जा रहा है इसी क्रम में मंगलवार को जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों, आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों पर शक्ति दिवस का आयोजन किया

जायेगा साथ ही भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्त्वावधान मे चयनित 46 स्कूलों मे बालिकाओं कि स्क्रीनिंग की गयी।

एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत बच्चों, किशोर-किशोरियों, प्रजनन उम्र की



महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनीमिया की दर कम करने के लिए प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप आयोजित किया जा रहा है इसी क्रम में मंगलवार को जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों, आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों पर शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। जिले के सभी जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हैल्थ वेलनेस सेंटर पर नियमित ओपीडी के अलावा मरीजों के हिमोग्लोबीन की जांच और उपचार किया गया। महिलाओं, गर्भवतियों, धात्री माताओं, किशोरियों का हीमोग्लोबिन जांच कर आयरन की दवाएं दी गई।

जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा सत्रों का निरीक्षण किया, दवाओं की उपलब्धता की जांच, सभी आयुवर्गों की उपस्थिति की जांच की।

## जिला विधिक चेतना समिति के सदस्यों ने किया त्रिनेत्र बालगृह, यश दिव्यांग सेवा संस्थान, राजकीय संप्रेक्षण एवं किशोर गृह तथा रूकमणी वृद्धाश्रम का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला विधिक चेतना समिति सवाई माधोपुर के सदस्य कृष्णपाल सिंह, नंदकिशोर बैरवा एवं मनीष तंवर द्वारा विधि से संघर्षरत बंदियों एवं बालकों के कल्याण के लिए रालसा द्वारा संचालित योजना रालसा (विधि से संघर्षरत बंदियों एवं बालकों को विधिक सेवाएं एवं सहायता) योजना 2015 की अनुपालना में त्रिनेत्र बालगृह, यश दिव्यांग सेवा संस्थान, राजकीय संप्रेक्षण एवं किशोर गृह तथा रूकमणी वृद्धाश्रम सवाई माधोपुर का निरीक्षण कर संस्थान में आवासित बालकों व वृद्धजनों की संख्या, संस्थान के परिसर, रसोईघर एवं भण्डारगृह की साफ-सफाई, आवासित बालकों एवं वृद्धजनों को प्रदान की जाने वाली भोजन, पेयजल एवं चिकित्सकीय सुविधाओं, प्राथमिक उपचार किट की उपलब्धता, नये बच्चों एवं वृद्धजनों के प्रवेश एवं संस्था के मुख्यद्वार पर आने-जाने वालों के नाम, पता आदि दर्ज करने के लिए रजिस्टर के संधारण, बारिश के मौसम में मौसमानुकूल इंतजामों, आदि के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही बच्चों को प्राप्त शिक्षा, उनके कौशल विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों, विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों के अपराध सुधार एवं उनको शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयासों आदि के संबंध में पूछताछ की गई। निरीक्षण के दौरान त्रिनेत्र बालगृह, यश दिव्यांग सेवा संस्थान, राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह तथा रूकमणी वृद्धाश्रम में साफ-सफाई एवं आवासित बालकों एवं वृद्धजनों को प्राप्त मूलभूत सुविधाएं संतोषजनक पाई गई। रूकमणी वृद्धाश्रम में आटे के कट्टों पर एक्सपायरी डेट संबंधी जानकारी अंकित नहीं पाई गई। साथ ही जिला विधिक चेतना समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित बालकों एवं संस्था स्टाफ को बालकों को प्राप्त कानूनी अधिकारों, बालकों को अनिवार्य एवं नि:शुल्क शिक्षा का अधिकार, बालकों के कल्याण के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, बालकों को प्राप्त नि:शुल्क विधिक सलाह एवं सहायता आदि के संबंध में जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया।

## सम्भागीय आयुक्त भरतपुर 19 से 21 अगस्त तक रहेंगी जिले के दौरे पर

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सम्भागीय आयुक्त भरतपुर डॉ. टीना सोनी 19 से 21 अगस्त तक सवाई माधोपुर जिले के 3 दिवसीय दौरे पर रहेंगी। इस दौरान सम्भागीय आयुक्त 19 अगस्त को कलेक्ट्रेट सवाई माधोपुर में कैम्प कोर्ट आयोजित कर कलेक्ट्रेट अनुभागों का निरीक्षण करेंगी। वहीं 20 अगस्त को अपरान्ह 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यो/योजनाओ की समीक्षा बैठक लेंगी। 21 अगस्त जिला स्तरीय जनसुनवाई में भाग लेंगी और विकास कार्यो/विभागीय योजनाओं की समीक्षा भी करेंगी।

## एडीआर सेंटर में हिट एण्ड रन के संबंध में बैठक दावों के प्रकरणों में तत्परता से कार्रवाई करें



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर सचिव समीक्षा गौतम सचिव के निर्देशन में मंगलवार को मोटर यान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना 2022 की अनुपालना सुनिश्चित करवाने के संबंध में गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सचिव समीक्षा गौतम द्वारा अतिरिक्त जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर संजय शर्मा, उपाधीक्षक यातायात पिंटू कुमार के साथ जिले में गत वर्ष में पुलिस थानों में हिट एण्ड रन के दर्ज मामलों एवं पुलिस थाने से दावा जांच अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलेक्टर) को प्रेषित प्रार्थना पत्रों पर मुआवजा प्रदान करने के संबंध में की गई कार्यवाही के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा उपाधीक्षक यातायात सवाई माधोपुर पिन्टू कुमार को जिले के समस्त पुलिस थानों में वर्ष 2023 से 2025 तक के शेष रहे हिट एण्ड रन के समस्त प्रकरणों में आवेदन भरवाकर दावा जांच अधिकारी को प्रेषित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

साथ ही दावा जांच अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलेक्टर) संजय शर्मा को योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान

### मुख्यमंत्री द्वारा 501 की सम्मान राशि ऑनलाइन हस्तांतरण, जिला कार्यक्रम में कलक्टर को बांधी राखी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में राजस्थान सरकार की पहल बहनों का सुरक्षा-सम्मान पर्व के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं समेकित बाल विकास सेवाएं सवाई माधोपुर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को जिला कलक्टर काना राम के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय आंगनबाड़ी बहन सम्मान दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन आलनपुर सर्किल स्थित लक्ष्मी मैरिज गार्डन में हुआ।

राज्य स्तर पर जयपुर स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित मुख्यमंत्री संग रक्षाबंधन आंगनबाड़ी बहनों का सम्मान कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले के कार्यक्रम स्थल पर किया गया। इस गरिमामय आयोजन में उपमुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी तथा राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार मंचासीन रहीं। मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश की 1 लाख 21 हजार आंगनबाड़ी बहनों के सम्मान में ऑनलाइन बटन दबाकर 501 की राखी उपहार राशि सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की। साथ ही, रोडवेज बसों में रक्षाबंधन पर दो दिन के नि:शुल्क सफर की सौगात भी बहनों को दी गई। वर्चुअल संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने आंगनबाडी कार्यकर्ताओं से राखी बंधवाकर इसे सुरक्षा कवच बताया और महिला सुरक्षा व सम्मान के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही बहनों को सुरक्षा व सुपोषण की दिशा में कार्यरत रहने की शपथ भी दिलाई। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने इस आयोजन को महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता से प्रेरित नवाचार बताया।

### बहनों ने जिला कलक्टर एवं अन्य अतिथियों को बांधे रक्षासूत्र

जिला स्तरीय समारोह में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने जिला कलक्टर के साथ ही मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र सिंह सहित अन्य अतिथियों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इन बहनों ने रोली, चावल, श्रीफल से तिलक वंदन कर राखी बांधी एवं मुंह मीठा कराया। वहीं रक्षा सूत्र बंधवाने के उपरांत इन भाइयों द्वारा बहनों को उपहार दिए गए। इस अवसर पर बहनों को छाता व मिठाई के पैकेट वितरित किए गए। इस अवसर पर



जिला कलक्टर ने सभी बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं और सम्बोधित करते हुए कहा कि मां के गर्भधारण से लेकर बच्चे के विद्यालय जाने तक की यात्रा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण एवं अमूल्य है! इस दौरान नगर परिषद सभापति जयप्रकाश सामरिया, कृषि मंत्री प्रतिनिधि एवं पूर्व उप सभापति राजेश गोयल, संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग पंकज मीना, संयुक्त निदेशक महिला अधिकारिता अमित गुप्ता, उपनिदेशक आईसीडीएस प्रियंका शर्मा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आशा सहयोगिनी उपस्थित रही।

# जिला धौलपुर शहर की प्रमुख सड़कों पर करीब दो हजार से ज्यादा गड्ढे

## जिला अस्पताल व निजी क्लीनिकों पर प्रतिदिन 20 से ज्यादा राहगीर चोटिल होने के पहुंच रहे

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर को अगर गड्ढों का शहर कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। यहां लगभग हर सड़क गड्ढों से लबरेज है। इन सड़कों पर चलना किसी चुनौती से कम नहीं है। पूरे शहर में एक भी ऐसी सड़क नहीं है तो तकलीफ के बिना आमजन आवागमन कर सके। ये स्थिति सालभर बनी रहे, किसी भी विभाग ने इनका पेंचवर्क मरम्मत नहीं कराया है। अब बारिश का मौसम में ये जर्जर और गड्ढे से अटी सड़कों के हाल बेहद खराब हो गए हैं।

गड्ढों में पानी भर गया है। ऐसे में इन रास्तों पर पैदल तो क्या वाहन चालक भी बड़ी मुश्किल से निकल रहे हैं। बढ़ता राजस्थान ने पड़ताल की जिसमें शहर की प्रमुख 13 सड़कों का जायजा लिया, जिसमें 2 हजार से ज्यादा गड्ढे थे। मसलन, जेल रोड पर 120 और स्टेशन रोड पर करीब 200 गड्ढे देखे गए। जिनमें कई गड्ढे एक से दो फीट तक के गहरे और चार से छह फीट तक चौड़े थे। बारिश का पानी भर जाने पर इनकी वाहन चालकों को अंदाज नहीं रहता और दुर्घटनाएं हो रहीं।

जिला अस्पताल और निजी क्लीनिकों पर प्रतिदिन 20 से ज्यादा राहगीर चोटिल होने के कारण पहुंच रहे हैं। शहर में ऐसी कोई सड़क नहीं है, जिसमें बड़े बड़े चौड़े गड्ढे नहीं हो। कई सड़कों की हाल तो इतनी खराब है कि अगर थोड़ी सी चूक हो जाए, पहिया फिसलकर गाड़ी असंतुलित हो तो चोटिल होना बराबर है। घंटा घर निवासी धनेश जैन, जेल रोड के सोनू गुप्ता, मनीष गुप्ता कहते हैं कि नगरपरिषद की कॉलोनियों से लेकर मुख्य सड़कें टूटकर खत्म हो गई हैं।

### डामर मिट्टी हट जाने से गिट्टी / पत्थर हुए नुकीले..

. कई दिनों से गड्ढे में बारिश का पानी जमा होने और वाहनों के निकलने के कारण डामर और मिट्टी हट गई है और गिट्टी व पत्थर नुकीले हो गए हैं। अगर किसी दुपहिया वाहन इस पर चढ़ जाता है तो बाइक सवार गिरकर चोटिल होए बिना नहीं रह सकता। इन गड्ढों की सड़कों पर फिसलन से भी चलना दूभर हो रहा है, लेकिन न तो नगरपरिषद और न पीडब्ल्यूडी ने इन सड़कों की मरम्मत के लिए कार्रवाई नहीं की है कि इन गड्ढों में मिट्टी या गिट्टी डलवाकर शहरवासियों को राहत मिल सके।

### इनका कहना

बारिश काल में जर्जर सड़कों का सर्वे चल रहा है। एसडीआरएफ यानि बाढ़ आपदा रिलीफ निधि के तहत सड़कों की मरम्मत व रखरखाव के लिए प्रपोजल बना रहे हैं। इसमें सब डिवीजन लेवल की



कमेटी से अनुमोदन लेकर कलेक्टर को सूची दी जाएगी। इस काम की डिटेल बन गई है। जल्दी ही शहर की जर्जर सड़कों की मरम्मत का काम शुरू कराने के लिए काम कर रहे हैं।

**डी आर क्षत्रिय, एसई, पीडब्ल्यूडी, धौलपुर**

-शहर की मुख्य सड़कें जितनी भी हैं जिसमें हरदेव नगर, स्टेशन रोड इत्यादि जिनकी हालात बहुत खराब हैं, उनकी मरम्मत व पेचवर्क की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी की है। शहर वासी जर्जर सड़कों से बेहाल हैं। नगरपरिषद पहले भी पीडब्ल्यूडी को अवगत करा चुका है। फिर से दुबारा सड़कों की मरम्मत व पेंचवर्क के लिए अधिकारियों से कहेंगे, हम भी उनके सहयोग के लिए तैयार हैं।

**खुशबू सिंह, सभापति नगरपरिषद।**

# शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के खाद्य पदार्थो के नमूने लेने की कार्रवाई की गई

बढ़ता राजस्थान

**अलवर( का.स. )।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर के निर्देशानुसार रक्षाबंधन के त्योहार पर जिले में खाद्य पदार्थ एवं मिठाईयों में मिलावट की रोकथाम हुए चलाए जा रहे 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत मंगलवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल द्वारा नमूनीकरण की कार्रवाई की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल एवं सामनवास पुलिस चौकी द्वारा आवेस डेरी रघुनाथगढ़ की रोकी हुई एक पनीर की गाड़ी से पनीर का नमूना लिया जाकर गाड़ी में शेष बचे करीब 600 किलो दूषित एवं मिलावटी पनीर को मौके पर जेसीबी से गड्डा खुदवा कर नष्ट करवाया गया। इसी प्रकार अलवर में नांगली सर्किल स्थित कजोड़ राम हलवाई मिष्ठान भंडार से मावा बर्फी का नमूना, मालाखेड़ा में बस स्टैंड स्थित हरिमोहन मिष्ठान भंडार से एक घी एवं घेवर का नमूना, जोधपुर मिष्ठान भंडार से कलाकंद का नमूना, चौधरी मिष्ठान भंडार खेली पिचनोद से कलाकंद का नमूना, महुआ खुर्द स्थित गुड्डू मिल्क डेयरी से कलाकंद का नमूना, मेगा हाईवे चौराहा मालाखेड़ा शशि मिष्ठान भंडार से बेसन लड्डू का नमूना जांच हेतु लिया जाकर प्रयोगशाला भिजवाया गया। उन्होंने बताया कि इन प्रतिष्ठानों से करीब 70 किलो पुरानी एवं दूषित मिठाई एवं 10 किलो पुरानी दूषित चासनी को मौके से नष्ट कराया गया तथा सभी मिठाई विक्रेताओं को साफ सफाई से कार्य करने खाद्य सामग्री को ढककर बिक्री करने एवं अपनी दुकान का खाद्य लाइसेंस दुकान पर लगाकर रखने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान 8 अगस्त तक निरन्तर संचालित रहेगा।

# जेवियर बहरोड़ व भिवाड़ी रहे सयुंक्त विजेता

बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी ( नि.स. )।** सेंट जेवियर स्कूल, भिवाड़ी में चल रही जेवियर कप बास्केटबॉल प्रतियोगिता जेवियर स्कूल बहरोड़ व जेवियर भिवाड़ी ने संयुक्त रूप से अपने नाम की। प्रधानाचार्य फादर जुगल किंडो ने पुष्प गुच्छ भेंटकर अतिथिगण का स्वागत किया तथा अपने उद्बोधन में विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी तथा हारे हुए खिलाड़ियों को निराश न होकर अगले वर्ष दोगुने उत्साह व अच्छे अभ्यास से आने की सलाह दी। नॉकआउट प्रतियोगिता में खेले गए रोमांचक मुकाबलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए खराब मौसम के कारण छात्र वर्ग के फाइनल मुकाबले में संत जेवियर स्कूल, बहरोड़ व संत जेवियर, भिवाड़ी को सयुंक्त विजेता घोषित किया गया। छात्रा वर्ग के फाइनल में संत जेवियर स्कूल, भिवाड़ी ने सागर स्कूल, तिजारा को रोमांचक मुकाबले में 23–21 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र वर्ग में तृतीय स्थान गुरुकुलम स्कूल रेवाड़ी ने प्राप्त किया वहीं छात्रा वर्ग में आर पी एस धारूहेड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऑवरऑल ट्रॉफी संत जेवियर स्कूल, भिवाड़ी ने जीती। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी संत जेवियर स्कूल के वामिका खुराना और जतिन दायमा रहे तथा बेस्ट स्कोरर प्रिंशीसागर स्कूल व चिराग संत जेवियर स्कूल, बहरोड़ रहे। मुख्यातिथि व विशिष्टातिथि व अन्य गणमान्य गणों के करकमलों से पदक व प्रमाण पत्र देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

# ऑक्सीजन बैक टू एनवायरमैंट अभियान में मिल रही सफलता:शर्मा

### पुत्रदा एकादशी पर 11 पीपल के पौधे लगाकर किया पुण्य कार्य




बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र नारायणपुर उपखण्ड की प्राचीन अरावली पर्वतमाला पर स्थित बाबा पीर संज्यानाथजी महाराज की तपोस्थली धामेड़ा धाम में पुत्रदा एकादशी मंगलवार को श्री कृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण बचाओ पेड़ पौधे लगाओ महा अभियान के तहत महंत पीर विवेकनाथ महाराज के सानिध्य में किरोड़ीमल गर्ग ने 11 पीपल के पौधे सचिव सुनील कुमार शर्मा, संगठन मंत्री महेश चंद सैनी, पर्यावरण प्रकोष्ठ प्रभारी हजारीलाल सैनी के सहयोग से लगाए गए। इन पौधों की देखरेख व सार संभाल की जिम्मेदारी श्री कृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति को सौंपी गई है। किरोड़ी मल गर्ग ने कहा कि मेरे द्वारा एकादशी पर 11 पीपल के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य किया गया है, जो मेरा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की विजिट करने पर पता चला कि जो आज हरा भरा एवं खुशहाल दिखाई दे रहा है वह सब मानवता का प्रयास है। प्रत्येक व्यक्ति को यहां पर आकर उनसे विजिट कर अधिक से अधिक पौधे लगाने की प्रेरणा दी गई। यहां पर जो सुकून मिलता है, वह कहीं भी नहीं मिलता है। सचिव सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि इस क्षेत्र को ऑक्सीजन बैक टू एनवायरनमेंट अभियान के तहत ऑक्सीजन प्लांट तथा सर्व प्रजातियों के पक्षी अभ्यारण बनाने के लिए मुहिम चलाई जा रही है जिसमें आमजन के सहयोग की प्रबल आवश्यक है। इस मौके पर प्रहलाद सैनी, बनवारी लाल सैनी, गोदाराम गुर्जर, अमरसिंह सैनी, जीतू सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# सिंधी सखी विकास समिति ने मनाया तीजोत्सव

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** सिंधी सखी विकास समिति ने (टीजडी ) तीज का कार्यक्रम मंगलवार को एक निजी होटल में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया। इस दौरान सिंधी समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में गेम्स में अन्य गतिविधियों के साथ उन्होंने झूला झूला और सावन के गीत मल्हार गाए। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गई जिसमें गेम्स ,नृत्य और तीज क्वीन मुख्य रूप से थी। प्रतियोगिता में तीज क्वीन हिमानी बोडवानी और चारु बोधवानी बनी। यह जानकारी सिंधी सखी विकास समिति की अध्यक्ष गीता साधवानी ने दी। कार्यक्रम के दौरान नैना रोधा, कोमल, बरखा, हिमांशी, सपना ,सौम्या, भाविका और भारती मौजूद रही।

# मुखिया को रीढ़ की हड्डी में कैंसर, परिवार पर संकट

## नेक कमाई ने दी तत्काल सहायता, ब्राह्मण समाज भी आया आगे

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर शहर में एक परिवार के मुखिया को कई सालों की चिकित्सा जांच के बाद कैंसर घोषित होने से परिवार के सामने संकट आ गया। इस युवा मुखिया की रीढ़ की हड्डी में बीमारी का प्रभाव आने से इनका चलना बंद हो गया है। ऐसे में परिवार पर आर्थिक संकट आ गया है। अलवर के पटेल नगर निवासी परिवार के मुखिया को हड्डियों में बलड कैंसर होने का इलाज जयपुर में चल रहा है। इलाज आयुष्मान में चलने के बावजूद घर में राशन्ए ले जाने और वापस लाने के लिए एंबुलेंस सहित कई खर्चे हैं जिनके कारण इलाज के लिए जयपुर नहीं ले जा पा रहे हैं। यह व्यक्ति टाइपस्टि है जिसका काम बंद हो गया है जिसकी दो बेटियां और बुजुर्ग माता.पिता हैं। कई सालों से इलाज चलने के कारण इनके पास कोई जमा राशि तक नहीं है। इस अवसर पर संरक्षक मीना तनेजाए कुमकुम कपूरए सचिन सकसेना ए शिखा जैनए प्रवीन बत्रा और उमा छाबड़ा आदि उपस्थित थे जिन्होंने परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इसकी सूचना मिलने पर नेक कमाई के संरक्षक दौलत राम हजरती और मीना तनेजा इस परिवार के पास करीब तीन माह की राशन सामग्री और कपड़े लेकर पहुंचे। इस अवसर पर संरक्षक दौलत राम हजरती ने खानचंद चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट की ओर से 5100 रुपए दिए और प्रतिमाह राशन देने की घोषणा की। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि इस परिवार को आश्वासन दिया गया कि उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आएगी। इस परिवार की नेक कमाई टीम को एक दिन पहले ही जानकारी मिली थी जिसमें देरी नहीं करते हुए सुबह होते ही राशन सामग्री दी गई। ब्राह्मण समाज आया आगे इस परिवार की सहायता के लिए युवा ब्राह्मण समाज भी आगे आया है। युवा ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष आकाश मिश्रा ने इस परिवार को सहायता करने का आश्वासन दिया है। युवा ब्राह्मण सभा से पियूष उपाध्याय नेक कमाई टीम के साथ यहां पहुंचे और परिवार की स्थिति को समझा। ब्राह्मण समाज के संरक्षक गोपी चंद शर्मा ने भी इस परिवार के लिए समाज को आगे आने का आह्वान किया है जिसके लिए समाज के पदाधिकारी इस परिवार से मिलेगा।



### नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की अमेरिका यात्रा

# समिट में शामिल होकर विभिन्न संस्थानों का दौरा कर समझी उनकी कार्यप्रणाली




बढ़ता राजस्थान

**अलवर/जयपुर/बॉस्टन ।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अमेरिका के प्रतिष्ठित शहर बॉस्टन में आयोजित राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ स्टेट लेजिस्लेचर समिट – 2025 के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। इस कार्यक्रम में देशभर से आए विधायकगणों ने हिस्सा लिया। यह सम्मेलन आपसी सामंजस्य एवं साझेदारी बढ़ानेए विचारों का आदान.प्रदान करने एवं वैश्विक राजनीतिक कार्यप्रणाली को समझने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस समिट के पहले दिन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स के प्रभाव एवं हेल्थ पॉलिसी के प्रमुख रुझान विषयों पर चर्चा हुई। यह उल्लेखनीय है कि कोविड महामारी के दौरान राजस्थान का हेल्थ मॉडल दुनिया में चर्चित हुआ था। का की कांग्रेस सरकार में लाई गई चिरंजीवी योजना संभवतः दुनिया की सबसे अधिक कवरेज वाली इंश्योरेंस स्कीम थी। इसके साथ ही जूली ने विश्वप्रसिद्ध हार्वर्ड यूनिवर्सिटी एवं ऐतिहासिक मैसाचुसेट्स स्टेट हाउस का भी दौरा किया। श्री जूली ने कहा कि हार्वर्ड यूनिवर्सिटीए अमेरिका का दौरा एक प्रेरणादायक अनुभव रहा। यह विश्वविद्यालय दुनिया के सबसे उन्नत शिक्षा केन्द्रों में से एक है जहां दुनियाभर से विद्यार्थी आते हैं। हमारा संकल्प राजस्थान में इस तरह के शिक्षण संस्थान खोलने का होना चाहिए,जिससे आने वाले समय में दूसरे प्रदेशों की भांति अन्य देशों से विद्यार्थी हमारे यहां अध्ययन करने आए हैं। जूली ने कहा कि अमेरिका के सबसे पुराने राजकीय कार्यालयों में से एक मैसाचुसेट्स स्टेट हाउस का दौरा एक ज्ञानवर्धक अनुभव रहा। यह अमेरिका के सबसे पुराने राजकीय कार्यालयों में से एक है जो नीति निर्माण की प्रक्रिया के पुराने केन्द्रों में से एक है। यहां लोकतांत्रिक परंपराओंए सामाजिक न्याय और जनहितकारी नीतियों पर वैश्विक दृष्टिकोणों को जानने का मौका मिला। जूली ने कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय दौरे एवं संवाद न केवल वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करते हैंए बल्कि नीति निर्माण की गुणवत्ता को भी समृद्ध करते हैं। सम्मेलन में राजस्थान विधानसभा प्रतिपक्ष के उपनेता रामकेश मीणा, विधायक अमीन कागजी, इंदिरा मीणा, घनश्याम मेहर, समरजीत सिंह, मनोज मेघवाल, हाकम अली सहित अन्य विधायक भी उपस्थित रहे।

# अनुसूचित जाति वर्ग के मीना समुदाय पर समता आन्दोलन समिति के आरोप बेबुनियाद : मीना

## समता आन्दोलन समिति अनुसूचित जाति समुदाय से मांगे मांफी और अपने वक्तव्य को ले वापस

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** बानसूर के मीना आदिवासी समुदाय द्वारा आदिवासी जनजाति शिक्षण एवं सामाजिक उत्थान समिति के अध्यक्ष पूरणमल मीना के नेतृत्व में समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के नाम एसडीएम अनुराग हरित के सहायक राजेश जोशी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि समता आन्दोलन समिति द्वारा अनुसूचित जनजाति के मीना समुदाय के विरुद्ध लगातार दुष्प्रचार किया जा रहा है जो गलत है। इससे राजस्थान में सामाजिक सौहार्द बिगड़ने एवं जातीय वैमनस्ता पैदा करने जैसी गतिविधियां चलाई जा रही हैं। उक्त संस्था द्वारा जयपुर स्थित एसएमएस अस्पताल में कार्यरत समस्त मीना जाति के कर्मचारियों के द्वारा आतंक फैलाने का दुष्प्रचार किया जा रहा है जो गैर जिम्मेदाराना है इसका अनुसूचित जाति वर्ग का मीना समुदाय घोर निन्दा करता है।

मीना ने यह भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्रसिंह खींवसर से अनुरोध किया है कि ऐसे संगठन संविधान में प्रदत्त प्रावधानों के विरुद्ध कार्य करते हैं उन पर नियंत्रण की आवश्यकता है।समता आन्दोलन समिति द्वारा ऐसे शब्दों का इस्तेमाल कर समाज के सौहार्द को बिगड़ना चाहती है उसमें उसे हम किसी भी सूरत में कामयाब नहीं होने देंगे।

या तो समता आन्दोलन समिति अपने शब्दों को वापिस ले और समाज से मांफी मांगे।नहीं तो मजबूरन मीना समुदाय द्वारा आन्दोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारीयाँ प्रशासन और राज्य सरकार की होंगी इस मौके पर अध्यक्ष पूरणमल मीना चूला,उपाध्यक्ष रतीराम मीना हमीरपुर, मुरारीलाल मीना बानसूर, हनुमान मीना बुटेरी, रामावतार मीना हमीरपुर, रिछपाल मीना बानसूर, एडवोकेट कैलाश चंद मीना बुटेरी, महेश मीना एडवोकेट फतेहपुर, सेवानिवृत बैंक शाखा प्रबंधक पीएनबी रामावतार मीना बानसूर,लक्ष्मण मीना भूपसेड़ा सहित समाज के लोग मौजूद रहे।



### बावनठेड़ी विवादः

# वायरल वीडियो से उभरा बवाल, पुलिस जांच के घेरे में सच्चाई



बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी ( नि.स. )।** रविवार की दोपहर तिजारा के बावनठेड़ी गांव में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस कार्रवाई शुरू हुई और सोमवार तक मामला सियासी और सामाजिक गर्मी में तब्दील हो गया। सोमवार दोपहर सिख समाज ने पंचायत कर रोष जताया, वहीं शाम 5 बजे प्रतिनिधिमंडल भिवाड़ी एसपी प्रशांत किरण से मिला और पुलिसकर्मियों पर बर्बरता के आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा।

विवाद की जड़ है एक वायरल वीडियो, जिसमें एक बुजुर्ग महिला को पुलिसकर्मी बाइक पर बैठाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। इसे कुछ लोगों ने बुजुर्ग के साथ जबरन कार्रवाई के रूप में प्रचारित किया, जबकि पुलिस ने इसे गंभीर रूप से बीमार महिला को अस्पताल पहुंचाने की कोशिश बताया है।

एसपी प्रशांत किरण ने साफ किया कि यह पूरी कार्रवाई रेंज आईजी जयपुर के निर्देश पर एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत की गई थी। शेखपुर अहीर थाने की टीम ने अवैध शराब की सूचना पर दबिश दी, जहां एक आरोपी की मां बेहोश हो गई।

इस बीच ग्रामीणों ने महिला राजो बाई, उसकी बहू रेखा और गुरदीप सिंह से मारपीट और अपमानजनक व्यवहार का आरोप लगाया। वहीं पुलिस का दावा है कि महिला पूर्व में भी अवैध शराब के मामलों में नामजद रह चुकी है और मौके से अवैध भट्टी भी जब्त की गई है। फिलहाल, जांच तिजारा डीएसपी शिवराज सिंह को सौंपी गई है। एसपी ने आश्वस्त किया है कि तथ्य परख कर ही होगी कार्रवाई, न दोषियों को बख्शा जाएगा, न पुलिस को बेवजह बदनाम होने दिया जाएगा।

# एसएससी के खिलाफअलवर में भी छात्र और शिक्षकों ने किया विरोध प्रदर्शन, सुधार की मांग




बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की विभिन्न परीक्षाओं में गड़बड़ियों और चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी को लेकर आज अलवर के मोती डूंगरी पार्क के पास शिक्षक और छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर सरकार और आयोग के खिलाफ नारेबाजी की और चयन प्रक्रिया में सुधार की मांग की। केपी कैंपस के शिक्षक केपी यादव और राकेश यादव सहित छात्रों ने बताया कि दिल्ली सहित देश के कई हिस्सों में एसएससी की परीक्षा प्रणाली को लेकर विरोध चल रहा है। इसी कड़ी में अलवर में भी छात्रों ने आवाज बुलंद की है। "एसएससी की परीक्षाओं में पेपर लीकए देरी से परिणाम जारी होना और भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ है। प्रदर्शन में शामिल छात्र मोहित शर्मा ने कहाए शहम पिछले कई महीनों से इस मुद्दे को उठा रहे हैं लेकिन सरकार की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पेपर लीक और निष्पक्षता की कमी से मेहनती छात्रों का मनोबल टूट रहा है। छात्रों की प्रमुख मांगों में पेपर लीक पर स त कार्रवाईए भर्ती प्रक्रिया की समयसीमा तय करनाए परिणामों की समय पर घोषणा और डिजिटल निगरानी के जरिए परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाना शामिल है। प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से किया गया। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं किए गए तो वे आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

प्रदर्शन के दौरान स्थानीय पुलिस भी मौके पर मौजूद रही और शांति बनाए रखने की अपील की गई। प्रदर्शन के बाद छात्र शांतिपूर्ण तरीके से लौट गए।

# आंगनबाडी बहन सम्मान दिवस:जिला प्रमुख, कलक्टर को बांधी राखी, पाए उपहार

## जिला स्तरीय समारोह में छलका उल्लास

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** राजस्थान सरकार की महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा की दिशा में एक अभिनव पहल मंगलवार को समूचे प्रदेश में सरकार हुई। बहनों के 'सुरक्षा-सम्मान पर्व' के तहत आंगनबाड़ी बहन सम्मान दिवस के इस आयोजन में मुख्यमंत्री संग आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने रक्षाबंधन मनाया। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की कलाई पर उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग डॉ मंजू वाघमार एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने रक्षा सूत्र बांधे और उपहार पाए। कोटा में वर्चुअल माध्यम से राज्य स्तरीय समारोह से जुड़कर सिआम ऑडिटोरियम में समेकित बाल विकास सेवाओं से जुड़ी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने इस 'सुरक्षा-सम्मान' पर्व में उत्साह के साथ शिरकत की। इस अवसर पर प्रदेश की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को मुख्यमंत्री की ओर से 501 रुपये डीबीटी द्वारा हस्तांतरित किए गए। साथ ही, रोडवेज बसों में रक्षाबंधन पर दो दिन के निःशुल्क सफर की सौगात भी बहनों को दी गई। वर्चुअल संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने आंगनबाडी कार्यकर्ताओं से राखी बंधवाकर इसे सुरक्षा कवच बताया और महिला सुरक्षा व सम्मान के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने इस आयोजन को महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता से प्रेरित नवाचार बताया।

### जिले की 2624 बहनों को मिला मुख्यमंत्री का उपहार

उप निदेशक आईसीडीएस सीता शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा डीबीटी द्वारा 501 रुपए की राशि हस्तांतरण से जिले की 2624 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं लाभान्वित हुई हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं को जिला स्तरीय समारोह में उपहार स्वरूप मिठाई एवं छाते प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जिले की 600 आंगनबाडी बहनें सम्मिलित हुई। समारोह में सिआम के क्षेत्रीय निदेशक शंकर लाल जांगिड, उप निदेशक महिला अधिकारिता मनोज कुमार मीणा, आईसीडीएस के परियोजना अधिकारी आलोक शर्मा, हरिशंकर नुवाद, दिलीप गुप्ता, रामदयाल नायक, महिला पर्यवेक्षक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मंच संचालन पुरुषोत्तम शर्मा ने किया।



### बहनों ने जिला प्रमुख, कलक्टर एवं अन्य अतिथियों को बांधे रक्षासूत्र

जिला स्तरीय समारोह में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं ने लहरिया परिधान पहनकर उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, जिला कलक्टर पीयूष समारिया सहित अन्य अतिथियों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इन बहनों ने रोली, चावल, श्रीफल से तिलक वंदन कर राखी बांधी एवं मुंह मीठा कराया।

वहीं रक्षा सूत्र बंधवाने के उपरांत इन भाइयों द्वारा बहनों को उपहार दिए गए। जिला प्रमुख एवं जिला कलक्टर के साथ ही सांगोद प्रधान जयवीर सिंह, डॉ एल एन शर्मा, सरपंच अमृत कुआं महावीर सिंह को भी आगंनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं ने रक्षा सूत्र बांधें एवं उपहार पाए।

## महाराजा श्रीअग्रसेन सोश्यल ग्रुप द्वारा नैत्र परीक्षण शिविर मे 17 मरीजों का होगा मोतियाबिंद का ऑपरेशन




बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** महाराजा श्रीअग्रसेन सोश्यल ग्रुप की ओर से मगंलवार को गीता भवन में निशुल्क नैत्र परीक्षण एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। चैयरमैन संजय गोयल ने बताया कि संस्था परिवार द्वारा आयोजित शिविर में 37 लोगों का निशुल्क नैत्र परीक्षण किया गया। जिनमें से 17 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। चेयरपर्सन पुष्पा गर्ग ने बताया कि डॉ. सुधीर गुप्ता द्वारा मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। संयोजक परमानंद गर्ग तथा महामंत्री रवि अग्रवाल ने बताया कि नैत्र परीक्षण शिविर प्रत्येक माह की 5 तारीख को निशुल्क गीता भवन पर आयोजित किया जाएगा।

## लो जी लग गये पेड़,कोटा मे कैसे हो हरियाली

### केडीए ने टेंडर करके जिम्मेदारी से झाड़ा पल्ला,ठेकेदार ने बिना गड्ढे लगा दिए पेड़



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा में उधर ओपन के नाम पर किस तरह सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है इसकी एक बानगी देखने को मिली ।

डिवाइडर के नीचे ठोस आर सी सी वैसे ही नजर आ रही है लेकिन के डी ए को इसे तोड़कर गड्ढे की गहराई बढ़ाने की जहमत उठाना गवारा नहीं। डिवाइडर पर लगाई जा रहे नीम और गूलर जैसे बड़े पेड़ों के 4 से लेकर 6 फीट लंबाई वाले पौधे लगाए जा रहे हैं। यहा 10 फीट की दूरी पर एक गड्ढा खोदा गया है। गड्ढे की चौड़ाई तो 2 फीट के करीब रखी गई है ।

लेकिन गहराई के नाम पर यह केवल 9 इंच रह गई है स्थानीय निवासियों ने गड्ढे की गहराई कम होने पर यहाँ लगाये जाने वाले पौधों की शिकायत केडीए के उच्च अधिकारियों से कर दी।

लेकिन ठेकेदार की मनमानी है या अधिकारियों की उदासीनता मंगलवार को ठेकेदार ने इन गड्ढो में पेड़ लगाकर लोहे की जलियां वाले ट्रिगार्ड भी लगा दी। स्थानीय लोगों ने जब देखा की शिकायत करने और सुझाव देने के बाद भी गड्ढो की गहराई नहीं बढ़ाई गई है, तो उन्होंने फिर से अधिकारियों को फोन करना चालू कर दिया लेकिन अधिकारियों ने मीटिंग में होने की बात कह कर फोन रख दिया। अब स्थानीय लोगों में रोष है कि यदि अधिकारी शिकायत करने के बाद भी ठेकेदारों की मनमानी नहीं रोक सकते हैं तो सरकारी खजाने से खर्च धन का दुरुपयोग तो होगा ही साथ ही हरियाली के लिए लगाए जाने वाले यह पौधे भी मर जाएंगे।

## तीन दिन बाद भी नहीं हुई कार्रवाई दूसरी बार फिर थाने पहुची पीड़िता

### रामगंजमंडी में नेता ससुर पर छेड़छाड़ के आरोप, पीड़िता ने एसपी के नाम एस डी एम को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (कोटा)।** एक विवाहिता द्वारा अपने ससुर पर लगाए गए छेड़छाड़ के गंभीर आरोपों के तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़िता कल फिर थाने पहुंची, लेकिन थाने में जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिलने पर उपखंड अधिकारी को एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

### एफआईआर दर्ज, लेकिन कार्रवाई नहीं

पीड़िता ने स्थानीय थाने में 3 दिन पहले रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, जिसमें ससुर के खिलाफ छेड़छाड़ और शारीरिक शोषण की गंभीर धाराएं लगाई गई थीं। विवाहिता का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुर की नीयत ठीक नहीं थी। और वह कई बार मानसिक व शारीरिक दबाव बनाने की कोशिश करता रहा था । एक दिन, जब घर में सास मौजूद नहीं थी, तब आरोपी ने जबरन कमरे में घुसकर कपड़े फाड़ने और गलत हरकतें करने की कोशिश की। पीड़िता ने यह भी बताया कि जब उसने इसका विरोध किया, तो उसे धमकाया गया और अब लगातार फोन कर अपमानित किया जा रहा है। डर के कारण पीड़िता फिलहाल अपने मायके में रह रही है।

### पुलिस कार्रवाई पर सवाल

पीड़िता का कहना है कि एफआईआर के बावजूद अभी तक न तो 164 के बयान हुए हैं और न ही किसी प्रकार की गिरफ्तारी या पूछताछ की गई है। पीड़िता ने बताया की आरोपी ससुर प्रधान के पति है और राजनीतिक दबाव बना रहे हैं। पुलिस की उदासीनता से नाराज होकर पीड़िता ने आज फिर थाने का रुख किया। लेकिन अधिकारी के नहीं मिलने पर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

### कांग्रेस नेता गुंजल बोले – बयान दर्ज नहीं हुए तो बैठूंगा धरने पर

वहीं इस मामले ने अब राजनीतिक रंग भी पकड़ लिया है। कांग्रेस नेता प्रह्लाद गुंजल को जब घटना की जानकारी दी गई तो उन्होंने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द 164 के बयान दर्ज नहीं हुए तो वे थाने में धरने पर बैठेंगे।

थाना अधिकारी मनोज सिंह सिकरवार ने बताया कि विवाहिता द्वारा दर्ज कराए गए मामले की जांच गंभीरता से की जा रही है। प्रकरण में सभी तथ्यों की निष्पक्ष जांच की जा रही है और कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा। पीड़िता के न्यायालयीन बयान (धारा 164 सीआरपीसी के तहत) गुरुवार, दिनांक 7 अगस्त 2025 को न्यायालय में दर्ज कराए जाएंगे।

## 51 पौधे लगाकर स्टेशन मण्डल ने किया वृक्षारोपण अभियान का समापन

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के आह्वान पर मण्डल में दो माह से जारी रहा सघन पोधरोपण

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के आह्वान तथा चेयरमैन कोटा जिला सहकारी उपभोक्ता भण्डार हरिकृष्ण बिरला छोटा भाई साहब के मार्गदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन के विशेष सहयोग, प्रयास से मण्डल में पिछले दो माह से जारी एक पेड़ माँ के नाम अभियान का आज भाजपा स्टेशन मण्डल द्वारा स्टेशन रोड के डिवाइडरों पर 51 पौधे लगाकर इस अभियान का समापन किया गया। स्टेशन मण्डल अध्यक्ष दिनेश सरसिया ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत मण्डल में जवाहरलाल नेहरू स्कूल, शास्त्री पार्क, चाँदमारी बालाजी,जनकपुरी रोड, सहित मण्डल के 11 वार्डों में सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाध्यक्ष राकेश जैन के आतिथ्य में लगातार वृक्षारोपण करते हुए हरित कोटा के सपने को साकार करने का प्रयास किया गया साथ ही इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी ली गई। कार्यक्रम




संयोजक मण्डल महामंत्री दीपक खींची ने बताया कि इस अभियान में पिछले दिनों चाँदमारी बालाजी मंदिर समिति द्वारा निकाली गई काँवड़ यात्रा में मण्डल द्वारा आमजन को 501 पौधों का वितरण किया गया साथ ही मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम पश्चात मण्डल के 20 बूथों पर प्रत्येक जगह एक ही दिन में 21-21 पौधे लगाए गए। इस प्रकार एक ही दिन के 421 पौधे लगाने का कार्य किया। सम्पूर्ण मण्डल कार्यकारिणी द्वारा स्टेशन मुख्य रोड पर 51 पौधे लगाकर इनकी देखभाल की शपथ भी ली गई। समापन आयोजन में प्रमुख रूप से स्टेशन मण्डल अध्यक्ष दिनेश सरसिया, प्रतिनिधि सत्यनारायण शर्मा, कार्यक्रम संयोजक महामंत्री दीपक खींची, उपाध्यक्ष आशीष दिवाकर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रमेश शर्मा चाचा, महामंत्री निखिल शर्मा, पूर्व पार्षद विकास चौधरी, उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार जैन, गुरमीत सिंह रंधावा, कुलदीप कोर जांगिड़, मंत्री प्रियंका गौतम, पवन शर्मा, वर्षा सतवानी, मन की बात प्रमुख नरेंद्र चोरसिया, युवा प्रमुख दीपक मेहरा, कार्यकारिणी सदस्य मधुप वर्मा, इसरार बेग, जतिन तिवारी, शैलबाला शर्मा, दुर्गा खुल्बे, महावीर शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, निशा हाड़ा, मंगल गुर्जर, महेंद्र वर्मा, नितिन खत्री, चयनिता शर्मा, शशिकांत डागर, आदि मौजूद रहे।

## रेलवे अस्पताल में डॉ. अमिता बिरला की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** पश्चिम मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन कोटा मंडल के तत्वाधान में मंडल रेल चिकित्सालय कोटा में रक्तदान शिविर एवं सेरेबल पाल्सी तथा न्यूरोडिसएबिलीटी फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन डॉ. अमिता बिरला जी की अध्यक्षता में किया गया। जिसके अंतर्गत 101 यूनिट रक्तदान हुआ एवं इस अवसर पर डॉ अमिता बिरला ने कहा कि रक्तदान महादान है क्यों कि बाकी अंगदान करने का अवसर तो जीवन में शायद एक बार आ सकता है लेकिन रक्तदान जीवन में हम हर तीन महीने में एकबार कर सकते है।

अत: हमें हमेशा रक्तदान करते रहना चाहिए। सेरेबल पाल्सी तथा न्यूरोडिसएबिलीटी फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन करने हेतु उन्होंने अध्यक्ष महिला कल्याण संगठन कोटा मंडल श्रीमती अंशु कालरा एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुपर्णा सेन रॉय को बहुत-बहुत साधुवाद दिया।

## वित्तीय समावेशन के लिए गांव-गांव पहुंचे अधिकारी

### कोटा के विभिन्न क्षेत्रों में लगे जागरूकता शिविर



बढ़ता राजस्थान

**कोटा( दामोदर सिंह )।** केंद्र एवं राज्य सरकार की वित्तीय योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने तथा पात्र लेकिन वंचित लोगों को उनका लाभ दिलाने के उद्देश्य से मंगलवार को कोटा जिले के इटावा, खैराबाद, लाडपुरा, सांगोद एवं सुल्तानपुर क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में वित्तीय समावेशन एवं वित्तीय साक्षरता शिविरों का आयोजन किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) श्रीमती दिलीप कौर ने बताया कि इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जनधन योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, डिजिटल लेन-देन, किसान क्रेडिट कार्ड, मुद्रा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है, जिससे ग्रामीण अपने आर्थिक जीवन को सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बना सकें।

शिविरों का आयोजन इटावा क्षेत्र की जटवाड़ा एवं जोरावरपुरा, खैराबाद क्षेत्र की असकली, बड़ोदिया कलां, रींछारिया, सहरवाड़ा, लाडपुरा क्षेत्र की खेड़ा रामपुर एवं किशनपुरा तकिया, सांगोद क्षेत्र की बालूहेड़ा एवं बपावर कलां तथा सुल्तानपुर क्षेत्र की बनेठिया और बड़ोद ग्राम पंचायतों में किया गया। इन शिविरों में संयुक्त निदेशक सांख्यिकी श्री आर. एन. मालव, सीएफएल से श्री कैलाश प्रजापति और संबंधित ग्राम पंचायतों में एएफओ श्रीमती विविधा बर्दिया एवं सभी बैंकों के बीसी की उपस्थिति में ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई। विशेष रूप से जोरावरपुरा, जटवाड़ा एवं बड़ोद में अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उन्हें योजनाओं से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## राज्य की सर्वश्रेष्ठ एनजीओ में हाड़ौती से शाइन इंडिया शामिल जयपुर में हुई पुरस्कृत

### अंगदान के क्षेत्र में राज्य स्तरीय सम्मान से कोटा का नाम हुआ रोशन



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** 15 वें राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर,स्टेट ऑर्गन टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) के तत्वाधान में सोमवार को एसएमएस मेडिकल कॉलेज,जयपुर के नए एकेडमिक ब्लॉक में राज्य स्तरीय अंगदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

इस कार्यक्रम को आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में अंगदान के कार्य क्षेत्र को बढ़ाने के साथ-साथ अभियान में सहयोग कर रहे सामाजिक संस्थाओं व संगठनो का सम्मान करना था । कोटा के लिए सम्मान की बात यह है कि 14 वर्षों से हाड़ौती में अनवरत नेत्रदान,अंगदान और देहदान के क्षेत्र में कार्य कर रही,राजस्थान की एकमात्र संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन को सामाजिक संस्थाओ की श्रेणी में उक्त कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया है।संस्था को अंगदान के क्षेत्र में,राज्य की %सर्वश्रेष्ठ सामाजिक संस्था% के प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया है ।

सर्वश्रेष्ठ सामाजिक संस्था का यह पुरस्कार राज्य चिकित्सा विभाग के अमरीश कुमार (सचिव चिकित्सा व शिक्षा विभाग), इकबाल खान (आयुक्त चिकित्सा शिक्षा विभाग) ने शाइन इंडिया के संस्थापक डॉ कुलवंत गौड को सौंपा ।

कार्यक्रम समारोह में अमरीश कुमार ने, अंगदान के कार्य को बढ़ाने के उद्देश्य से शाइन इंडिया द्वारा किए गए नवाचारों (नेत्र दानी परिवारों के घर के बाहर गौरव पट्टीका, ग्रामीण क्षेत्र में जाकर प्रशासनिक अधिकारी द्वारा परिवार का सम्मान करवाना, अंगदानी परिवारों को निशुल्क बस यात्रा) की सराहना की, और प्रदेश में अंगदानी परिवारों के लिए,निजी क्षेत्र की निन्शुल्क बस यात्रा पोस्टर का विमोचन भी किया ।

## रामगंजमंडी नगरपालिका बोर्ड मीटिंग विवादों में घिरी, राजनीतिक आरोपों के बीच लिए गए विकास कार्यों पर कई फैसले



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी/कोटा।** नगरपालिका रामगंजमंडी की सत्र 2025-26 की वार्षिक बोर्ड बैठक मंगलवार को भारी हंगामे और आरोप-प्रत्यारोप के बीच संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत में ही विवाद उस समय गहरा गया जब पालिका अध्यक्ष अखिलेश मैड़तवाल भाजपा का दुपट्टा पहनकर नगर पालिका में पहुंचे। इसे लेकर कांग्रेस पार्षदों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया और कहा कि यह बोर्ड मीटिंग है, कोई राजनीतिक मंच नहीं। माहौल बिगड़ता देख अंततः अध्यक्ष को दुपट्टा उतारना पड़ा।

### महिला पार्षदों ने जताया पक्षपात का आरोप

बैठक के दौरान महिला पार्षदों ने अध्यक्ष पर खुलेआम पक्षपात के आरोप लगाए। कांग्रेस पार्षद सीमा गुर्जर ने आरोप लगाया कि बिना पार्षदों की राय लिए कार्य करवाए जा रहे हैं, जिससे पार्षदों की भूमिका गौण हो गई है। नाराज होकर वे नगर पालिका से बाहर निकलने लगीं।

### पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान अध्यक्ष में तीखी नोकझोंक

पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गौतम और वर्तमान अध्यक्ष के बीच भी तीखी बहस हुई। गौतम ने कहा कि लिखित शिकायतें देने के बावजूद पार्षदों के कार्य नहीं हो रहे हैं। जवाब में अध्यक्ष ने उनसे शिकायत की प्रति मांगी, जिससे दोनों में विवाद और बढ़ गया।

### भाजपा पार्षदों से भी विरोध

पार्षद पुष्पेंद्र सिंह ने अस्पताल सफाई व्यवस्था में लापरवाही का आरोप लगाया। वहीं भाजपा पार्षद महेंद्र सामरिया ने भी अध्यक्ष पर अन कन्वर्ट कॉलोनियों में सीसी रोड बनाकर कॉलोनाइजरों को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वर्षों से कन्वर्ट कॉलोनियों की अनदेखी की जा रही है।

### पार्षदों की उपस्थिति और निलंबन

करीब तीन घंटे चली बैठक में 40 में से 29 पार्षद उपस्थित रहे, जबकि 9 पार्षद गैरहाजिर रहे। पूर्व अध्यक्ष देवीलाल सैनी, उपाध्यक्ष रमेश मीणा गुड्डू और पार्षद जसविंदर सिंह पहले से ही स्वच्छ शासन विभाग द्वारा निलंबित चल रहे हैं।

### बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय

राजनीतिक हंगामे के बीच नगर के विकास और जनहित से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय भी लिए गए

1.सफाई व्यवस्था के आधुनिकीकरण हेतु नवीन उपकरण क्रय किए जाएंगे।

2.वर्षा कालीन वृक्षारोपण व पौधारोपण की कार्ययोजना को स्वीकृति दी गई।

3.सुकेत गार्ड पर स्ट्रीट लाइट, प्रमुख चौराहों के नवीनीकरण व सौंदर्यकरण पर सहमति बनी।

4.रोंसली तालाब के जल संरक्षण व सौंदर्यकरण, नगर में स्वागत द्वार निर्माण पर निर्णय लिया गया।

5.जुल्मी रोड पर रोडवेज बस स्टैंड, अन्नपूर्णा रसोई के लिए नवीन स्थल, तथा हनुवतखेड़ा में शवदाह गृह हेतु भूमि चिन्हित करने की कार्यवाही पर सहमति बनी।

## प्री डीएलएडः द्वितीय काउंसलिंग का अपवर्ड मूवमेंट आज से, परिणाम 10 को

**कोटा( दामोदर सिंह )।** वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्री डीएलएड परीक्षा के सेकंड अलॉटमेंट में आवंटित संस्थान में रिपोर्ट कर चुके अभ्यर्थियों के लिए अपवर्ड मूवमेंट का लिंक शुरू कर दिया गया हैं । समन्वयक डॉ रवि गुप्ता ने बताया कि द्वितीय अपवर्ड मूवमेंट हेतु अभ्यर्थी द्वारा काउंसलिंग के समय चुने गए अध्यापक शिक्षण संस्थान पर ही विचार किया जाएगा। ऑनलाइन प्रभारी प्रो राकेश शर्मा ने जानकारी दी कि अपवर्ड मूवमेंट का परिणाम 10 अगस्त को जारी किया जाएगा7अपवर्ड मूवमेंट के उपरांत अलॉट हुए कॉलेज में अभ्यर्थी को 14 तारीख तक रिपोर्ट करना होगा।

## एनसीईआरटी की कक्षा 8 की इतिहास पुस्तक में दर्शाए मानचित्र पर विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने जताई आपत्ति

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** नाथद्वारा विधायक श्री विश्वराज सिंह मेवाड़ ने एनसीईआरटी द्वारा कक्षा 8 की इतिहास पुस्तक (भाग – 1, इकाई 3, पृष्ठ संख्या 71) में दर्शाए गए एक मानचित्र पर गहरी आपत्ति जताई है, जिसमें मेवाड़ को मराठा साम्राज्य के अधीन दर्शाया गया है।इस विषय पर श्री मेवाड़ ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि एनसीईआरटी में इतिहास लेखन का उद्देश्य छात्रों को सटीक जानकारी देने के बजाय, भारत के स्वाभिमानी क्षेत्रों के गौरवशाली इतिहास को विकृत करना बन गया है।

पहले मेवाड़ को अंग्रेजों के अधीन बताया गया, और अब उसी पृष्ठ पर मराठा साम्राज्य के अंतर्गत दिखाया गया है। आखिर इन शिक्षाविदों को कौन शिक्षित करेगा? क्या वे यह नहीं जानते कि मेवाड़ ने सदियों तक स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी, न केवल मुगलों के विरुद्ध, बल्कि किसी भी बाहरी हस्तक्षेप के विरुद्ध अपना स्वत्व और स्वाभिमान बनाए रखा? बप्पा रावल और उनके वंशजों का बलिदान कोई कल्पना नहीं, बल्कि ऐतिहासिक सत्य है। विश्वराज सिंह मेवाड़ ने इस मुद्दे पर शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी से तुरंत सुधार की मांग की है तथा आग्रह किया है कि इतिहास जैसे संवेदनशील विषय को राजनीतिक या क्षेत्रीय पूर्वग्रह से नहीं, बल्कि तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि इतिहास सिर्फ़ एक विषय नहीं है, यह हमारी आत्मा का आईना है। यदि इसे बार–बार विकृत किया गया, तो हमारी आने वाली पीढ़ियाँ भ्रमित रहेंगी और अपना वास्तविक सांस्कृतिक उत्तराधिकार कभी नहीं जान पाएंगी।

## मनोज पोसवाल बने राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत धौलपुर के जिला अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी, (राजू शर्मा)।** राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेशाध्यक्ष डा रनजीत मीणा व प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रभान चौधरी द्वारा धौलपुर जिले के जिलाअध्यक्ष पद पर जिले के शिक्षकों के लिए वर्षों से संघर्षरत मनोज पोसवाल अध्यापक लेवल 2 अंग्रेजी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रजई खुर्द बाड़ी धौलपुर की नियुक्ति की है। संघठन द्वारा मनोज पोसवाल से एक सप्ताह में अपनी कार्यकारणी की घोषणा करने के लिए कहा गया है। मनोज पोसवाल की नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया है। मनोज पोसवाल ने बताया कि प्रदेश कार्यकारणी का धौलपुर संघ के द्वारा पूरा सहयोग किया जायेगा जो भी आंदोलन प्रदेश में किए जाएंगे उसमें जिले से सभी बढ़ चढ़कर भाग लेंगे।

धौलपुर में शिक्षकों की हर समस्या का निराकरण करवाने का प्रयास किया जाएगा। मनोज पोसवाल को भारत गुर्जर, गंगाराम गुर्जर, राकेश प्रजापति, भगवान सिंह मीणा, चौलसिंह, प्रीति परमार, प्रीति गोयल, चिंकी शर्मा, पोहपसिंह, रवि खान, पृथ्वीराज सिंह, रामवरण कपासिया, रोहित गुर्जर, छत्रपाल सिंह,लक्ष्मीनारायण शर्मा, टीकम सिंह, रमाकांत शर्मा, मधु यादव, दुर्गावती, नीतू अग्रवाल, दिलीपखान शिक्षकों ने वॉट्सएप, द्वद्व पर बधाई दी।

## ऑपरेशन एंटी वायरस अभियान

### नगर पुलिस ने 11साइबर ठगों को किया गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**डीग/भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय )।** डीग जिला पुलिस ने अभियान चलाकर 10 दिन में 200 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। नगर थाना पुलिस ने साइबर ठगी की गैंग के 5 माह से फरार 11 सदस्यों को गिरफ्तार कर 11 मोबाइल फोन और 4 फर्जी सिम कार्ड बरामद किए। पकड़े गए पकड़े गए तो का सोशल मीडिया पर फर्जी लड़कियों के प्रोफाइल बनाकर उम्रदराज बुजुर्गों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते थे। फिर मैसेंजर के जरिए उनके व्हाट्सएप नंबर प्राप्त कर लेते थे। इसके बाद वीडियो कॉलिंग के माध्यम से फर्जी लड़की की वीडियो फिल्म दिखाकर सामने वाले व्यक्ति का अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर लेते थे। फिर इस वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर पीड़ित को ब्लैकमेल करते थे।

ठग अपनी वारदात को और आगे बढ़ाते हुए फर्जी सिम से पुलिस अधिकारी बनकर पीड़ित को फोन कर धमकी देते थे। बदनामी के डर से पीड़ित व्यक्ति ठगों के बताए खातों में मोटी रकम जमा कर देता था। इस प्रकार वह ठगी का शिकार हो जाता था। पुलिस के अनुसार पकड़े गए ये साइबर ठग अब तक दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और मध्य प्रदेश के हजारों लोगों को अपनी ठगी का शिकार बना चुके हैं। पुलिस पकड़े गए सभी ठगों से पूछताछ कर रही है।

## अवैध देशी कट्टा आरोपी को दो वर्ष का कारावास

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट भुसावर ने अवैध देशी कट्टा 315 बोर बिना लाईसेन्स के मामले में 2 वर्ष का सादा कारावास तथा 5000/– रुपये अर्थ दण्ड से दण्डित किया।अभियोजन अधिकारी पंकज शर्मा ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान अभियुक्त तोरण सिंह पुत्र बाबूसिंह निवासी नरहरपुर थाना भुसावर के कब्जे से अवैध देशी कट्टा 315 बोर बरामद हुआ जिसका उसके पास कोई वैध लाईसेन्स नहीं था जिस पर मु0 नं0 203/2013 थाना भुसावर में दर्ज किया गया। जिसमें न्यायालय ने अभियुक्त को दिनांक 04. 08.2025 को दोषसिद्ध करते हुए 2 वर्ष का कारावास व 5000/– रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# 10-साल में मां नहीं बनी तो अस्पताल से चुराया बच्चा

## नवजात भूखा न रहे इसलिए बहन को प्लान में शामिल किया; बोली-मारना नहीं, पालना चाहती थी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** दो बहनों ने मिलकर सरकारी अस्पताल से 3 दिन के नवजात बच्चे को चुराया था। बड़ी बहन की शादी को 10 साल हो गए थे। वह मां नहीं बन पा रही थी।ऐसे में उसने छोटी बहन के साथ अस्पताल से बच्चा चुराने का प्लान बनाया। खुद नर्स बनी और अस्पताल में भर्ती मां के पहुंची और जांच के बहाने मौका पाकर बच्चे को ले भागी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों और इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर राजसमंद से 15 किमी दूर बिजनोल (नाथद्वारा) इलाके से बच्चे को बरामद किया। दोनों आरोपी बहनों को भी पकड़ लिया।पुलिस ने जब आरोपी से पूछताछ की तो बोलीं– मैं उसे मारना नहीं चाहती थी। उसे पालना चाहती थी। 10 साल से बच्चा नहीं हो रहा था। ऐसे में कुछ न सूझा तो बच्चा चुरा लिया।

1. नर्स का कोट पहनकर आई थी- राजसमंद एसपी ममता गुप्ता ने बताया– सोमवार को नाथद्वारा के सरकारी अस्पताल (श्री गोवर्धन राजकीय जिला हॉस्पिटल) से बच्चा चोरी करने के मामला सामने आया था। नाथद्वारा के सुखाड़िया नगर के रहने वाले चेतन भील ने रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि 1 अगस्त को उसकी पत्नी बिंदिया ने बेटे को जन्म दिया था। इसके बाद से वह अस्पताल में भर्ती थी। 4 अगस्त को नर्स का ओवरकोट पहने एक लड़की आई। मुझसे कहा कि बच्चे को ऊपर वार्ड में ले जाना है। मैंने अपनी बहन चंदा को उस लड़की के साथ ऊपर भेजा।

### डॉक्यूमेंट्स लेने भेज कर फरार हुई

चेतन ने बताया–मेरी बहन वापस वार्ड में आ गई। आधार कार्ड लेकर जब वह उसके पास गई तो वहां पर वह लड़की नहीं मिली। इसके बाद परिजनों के साथ मिलकर पूरे अस्पताल में और आसपास बच्चे को तलाशा। महिला को भी ढूंढा । लेकिन, वह नहीं मिली। इसके बाद श्रीनाथजी थाने में रिपोर्ट दी।

**इनका कहना है–**

एक बाइक सवार से लिफ्ट लेने की बात भी सामने आई है। पुलिस की जांच जारी है। बाइक सवार की क्या भूमिका थी, इसकी भी जांच कर रहे हैं।

**ममता गुप्ता,राजसमंद एसपी**



### बच्चा भूखा न रह जाए, इसलिए छोटी बहन को शामिल किया

पूछताछ में चेतना ने बताया– मैंने आईवीएफ करवा लिया था। बाकी इलाज भी करवा लिया था, लेकिन बच्चा नहीं हुआ। जब कुछ नहीं सूझा तो बच्चा चोरी का प्लान बनाया। घर से निकली तो प्लान बनाया कि नर्स की ड्रेस पहनकर बच्चा चोरी करूंगी। इसमें मैं और मेरी बहन के अलावा कोई भी शामिल नहीं है।

### बहन के साथ मिलकर बच्चा चोरी की प्लानिंग की

एसपी ममता गुप्ता ने बताया– टीमें गठित कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और इंटेलिजेंस के आधार पर तलाश शुरू की। बिजनोल (नाथद्वारा) से चेतना (28) पत्नी महेंद्र सिंह निवासी गढवाडा भानसौल थाना घासा (उदयपुर) और उसकी छोटी बहन भारती (27) पत्नी भैरू सिंह राजपूत निवासी डिंगेला थाना नाथद्वारा (राजसमंद) को गिरफ्तार किया। उनसे बच्चे को भी बरामद कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि चेतना के बच्चा नहीं था। ऐसे में उसने अपनी बहन के साथ बच्चा चोरी करने की प्लानिंग की। दोनों 2–3 दिन से अस्पताल में रेकी कर रही थीं। बच्चे को चोरी कर बिजनोल अपने एक रिश्तेदार के यहां ले गईं।

## प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ मिले --प्रमोद कुमार



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** जिले का अग्रणी बैंक पंजाब नैशनल बैंक मण्डल कार्यालय भरतपुर प्रमोद कुमार मण्डल प्रमुख के निर्देशन में पंजाब नैशनल बैंक नदबई के द्वारा ग्राम पंचायत डहरा में अग्रणी जिला प्रबंधक प्रशांत कुमार,पीएनबी नदबई मार्केटिंग अधिकारी आशीष पुरबिया,वित्तीय साक्षरता केंद्र प्रबंधक रवि कुमार शर्मा पीएनबी बीसी गौरव कुमार ,आरजीबी बीसी राजा राम , पंजाब नैशनल बैंक पथैना द्वारा ग्राम पंचायत भसीना में शाखा प्रबंधक अमित कुमार मीना , पीएनबी बीसी अनिल चौधरी एवं जितेंद्र चौधरी,पंजाब नैशनल बैंक रूपवास द्वारा ग्राम पंचायत सज्जनबास में शाखा प्रबंधक खुशी राम यादव, पीएनबी बीसी धर्मेन्द्र कुमार एवं रमाकांत, पंजाब नैशनल बैंक उच्चैन द्वारा ग्राम पंचायत खुडासा में शाखा प्रबंध प्रकाश चंद यादव , भजन लाल मीना वरिष्ठ प्रबंधक अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय भरतपुर, पीएनबी बीसी श्री गोविंदा, विजय, खुशी मीना के द्वारा जन सुरक्षा सैचुरेशन एवं वित्तीय समावेशन कैंप का आयोजन किया गया।

इस कैंप को सफल बनाने हेतु प्रमोद कुमार मण्डल प्रमुख पंजाब नैशनल बैंक, भरतपुर द्वारा दिनांक 04/08/2025 को सभी शाखा प्रबंधक को इस कैंप से संबंधित सभी एसओपी का पालन करने का निर्देश दिया। प्रमोद कुमार द्वारा सभी शाखा प्रबंधक को निर्देश दिया गया कि भारत सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा चलाए जा रहे जन सुरक्षा सैचुरेशन एवं वित्तीय समावेशन अभियान को सफल बनाना है इसके लिए प्रत्येक शाखा प्रबंधक अपने अपने शाखा द्वारा जल्द से जल्द सभी पात्र खातों में ऋद्ध – चड्डष्ट एवं सभी पात्र खातों में सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ शाखा एवं अपने अपने बैंक बीसी के द्वारा इस कार्य को पूरा करना सुनिश्चित करें। इस अभियान में किसी भी तरह का लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जिन शाखा एवं बीसी के द्वारा इस कार्य में कोई भी कमी पाने पर उनके ऊपर उचित करवाई की जायेगी। अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा अटल सेवा केंद्र डहरा में ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन सुरक्षा सैचुरेशन एवं वित्तीय साक्षरता कैंप में आकर अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया तथा उन्होंने अपने संबोधन में यह भी बताया कि जन सुरक्षा सैचुरेशन एवं वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन जिले के प्रत्येक पंचायत में किया जाना है । यह कैंप सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को 30 सितंबर 2025 तक लगाया जाएगा यदि कोई पात्र लाभार्थी किसी कारण बस उस दिन कैंप में नहीं पहुंच पाते है तो वो अपनी बैंक शाखा या अपने बैंक के निजी ग्राहक सेवा केंद्र (बीसी) पर जाकर आवश्यक रूप से लाभ लेना सुनिश्चित करे।

## स्वर्गीय सत्यपाल मलिक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

बढ़ता राजस्थान

**वैर / भरतपुर (गोपाल पाठक)।** पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के स्वर्गवास होने पर हलैना में उन्हें भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किसान नेता इंदल सिंह जाट ने कहा कि देश के जाने माने किसान नेता और जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन राष्ट्रीय क्षति है वे देश के किसान और नौजवान मजदूरो की मजबूत आवाज थे । स्वर्गीय सत्यपाल मलिक को शत शत नमन ।

पूर्व जिला पार्षद इन्दल सिंह जाट ने बताया कि पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक इआरसीपी के आन्दोलन में पिछली 12 जनवरी 2025 को कस्वा हलैना में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करने आये थे ।

सभा में स्वर्गीय मलिक ने पानी के लिये स्वयं को जरूरत पड़ने पर जेल जाने की भी बात कही थी ।

मलिक के आने के वाद से पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के संघर्ष को ताकत मिली और ये योजना आगे बढ़ी ।

स्वर्गीय सत्यपाल मलिक डा0 राममनोहर लोहिया और चौधरी चरण सिंह के विचारों पर चलने वाले थे ।

स्पष्ट्रवादी वक्ता थे वे हमेशा देश हित के साथ साथ किसान मजदूर नौजवान शोषित वंचितो के अधिकारों की बात करते थे । स्वर्गीय मलिक सत्ता लोभी नहीं थे वे विचारों पर अड़िग रहकर सत्ता को ललकारने को तत्पर रहते थे ।

## हर घर तिरंगा अभियान 3 चरणों में होगा: पुलिसकर्मियों के लिए तिरंगा राखी, तिरंगा बाइक और साइकिल रैली का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, (राजू शर्मा)।** धौलपुर में कला साहित्य संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा स्वाधीनता दिवस की वर्षगांठ पर हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने बताया कि यह अभियान तीन चरणों में संपन्न होगा।

पहला चरण शुरू हो चुका है जो 8 अगस्त तक चलेगा। दूसरा चरण 9 से 12 अगस्त तक और तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत कई कार्यक्रम होंगे। इनमें स्कूलों की दीवारों पर तिरंगे की चित्रकारी शामिल है। तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी वर्कशॉप और तिरंगा मेला भी आयोजित किए जाएंगे। सभी कार्यक्रम जिले के जनप्रतिनिधियों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, संगठनों और आम जनता के सहयोग से होंगे। अभियान के सफल आयोजन के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी और नगर परिषद आयुक्त को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।



### पुलिसकर्मियों के लिए तिरंगा राखी

प्रथम चरण में 5 अगस्त को प्रदर्शनी होगी। 6 अगस्त को स्कूलों और कॉलेजों में तिरंगा रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 7 अगस्त को सैनिकों और पुलिसकर्मियों के लिए तिरंगा राखी बनाने की कार्यशालाएं होंगी। 8 अगस्त को तिरंगा बुनाई गतिविधियां होंगी।

### तिरंगा बाइक और साइकिल रैली

द्वितीय चरण में 9 अगस्त को तिरंगा मेला आयोजित किया जाएगा। 11 अगस्त को शाम 4 बजे इंदिरा गांधी स्टेडियम से तिरंगा बाइक और साइकिल रैली निकलेगी।

यह रैली लाल बाजार, पैलेस रोड और गुलाब बाग होते हुए जिला कलेक्ट्रेट तक जाएगी। 12 अगस्त को सुबह 8 बजे गांधी पार्क से जिला कलेक्ट्रेट तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।

### सरकारी भवनों पर ध्वजारोहण

तृतीय चरण में 13 से 15 अगस्त तक सभी सरकारी भवनों पर ध्वजारोहण समारोह होंगे। शैक्षणिक संस्थानों, कार्यालयों, बांधों और पुलों पर भी ध्वजारोहण और प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। इस यात्रा में आम नागरिक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और छात्र–छात्राएं भाग लेंगे। एनएसएस, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट और गाइड के कैडेट्स, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और अन्य लोग भी इसमें शामिल होंगे।

## आंगनबाड़ी बहन सम्मान दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर परिषद ऑडिटोरियम में हुआ आयोजित

### जिले की 2 हजार से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के बैंक खाते में 501 रुपए डीबीटी से हुए ट्रांसफर



### बहन सम्मान के लिए दिए मिठाई के पैकेट और छाते

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, (राजू शर्मा)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बहनों का सुरक्षा–सम्मान पर्व अभियान के तहत आंगनबाड़ी बहन सम्मान दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नगर परिषद ऑडिटोरियम मचकुण्ड रोड़ धौलपुर में किया।

जिला स्तरीय अधिकारी राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े रहे। इस अवसर पर उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग धीरेन्द्र सिंह सोनी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा, सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग जय प्रकाश, भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, डॉ. शिवचरण कुशवाह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का उत्साह

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले की 2022 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के खातों में डीबीटी के माध्यम से 501 रुपए की राशि हस्तांतरित की गई। साथ ही बहन सम्मान के रूप में उन्हें छाते और मिठाई के पैकेट भी भेंट किए गए। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने अपने संबोधन में सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जिला प्रशासन के सभी कार्यों में सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि मां के गर्भधारण से लेकर बच्चे के विद्यालय जाने तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का योगदान अमूल्य है। कठिन परिस्थितियों में भी वे पूर्ण समर्पण और तन्मयता के साथ कार्य करती हैं। उन्होंने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने समाज निर्माण में महिलाओं के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उपस्थित प्रतिभागियों को वर्चुअली पोषण शपथ दिलवाई। मंच का संचालन गोविंद शर्मा ने किया।

## बाड़ी में डॉ. सुमन वर्मा का सम्मान

### अखिल भारतीय माहौर क्षत्रिय स्वर्णकार की जिलाध्यक्ष नियुक्त, कहा-जल्द कार्यकारिणी बनाएंगे



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी, (राजू शर्मा)।** अखिल भारतीय माहौर क्षत्रिय स्वर्णकार महासभा ने धौलपुर में डॉ. सुमन वर्मा को महिला जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह पहली बार है जब जिले में समाज के राष्ट्रीय मंच ने महिला अध्यक्ष की नियुक्ति की है।

स्वर्णकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव शंकर वर्मा ने डॉ. सुमन वर्मा को जल्द धौलपुर में कार्यकारिणी का गठन करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिला स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने को कहा है।

इस दौरान बाड़ी में जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर शहर की सुनार गली में समाज की महिलाओं द्वारा किए गए स्वागत के दौरान डॉ. सुमन वर्मा ने कहा कि वे समाज की जिम्मेदारी का पूर्ण मनोयोग से निर्वहन करेंगी। उन्होंने बताया कि उनका मुख्य लक्ष्य समाज में शिक्षा का विस्तार करना है। साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनको संगठित करने के लिए प्रयास करेंगी। डॉ. वर्मा ने बताया कि जल्द सबसे पहले जिला स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह से पहले जिले में ब्लॉक स्तरीय टीमों के गठन का भी प्रयास किया जाएगा। डॉ. सुमन वर्मा अपने पति पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. अशोक वर्मा के साथ पहले से ही समाज हित में कार्यरत हैं। उनकी संस्था %राधे–राधे% जिले में भोजन वितरण, रेलवे स्टेशन पर जल वितरण और गरीब बच्चों को जरूरी सामान उपलब्ध कराने का काम करती है।

# किसानो ने नैनवां एसडीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन

## फसल खराबा सहित अन्य मांगो को लेकर सीएम व कृषि मंत्री के नाम दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** मंगलवार को नैनवां उपखण्ड कार्यालय पर किसानो ने प्रदर्शन किया। अतिवृष्टि से नष्ट हुई फसलो का मुआवजा दिलवाने एंव डिमांड के अनुरूष किसानो को यूरिया व डीएसपी खाद की आपूर्ति की मांग की गई। प्रदर्शन के बाद किसान महापंचायत के पदाधिकारियो की अगुवाई में मुख्यमंत्री एंव कृर्षि मंत्री के नाम का एक ज्ञापन उपखण्ड अधिकारी को दिया गया। ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही अतिवृष्टी से खरीफ की फसलो में उड़द,सोयाबीन,मक्का की फसल चैपट हो गई है। जिसकी अतिशीघ्र कृर्षि गिरदावरी करवाकर आपदा ग्रस्त घोषित किया जाकर राहत प्रदान करे। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किये गये बदलाव को निरस्त कर पूर्व की भांती खड़ी फसल को भी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शामिल किया जावे। खरीफ की फसल वर्ष 2023 का मुआवजा दिलवाया जावे। वर्ष 2024 में भी फसल खराबा का मुआवजा कुछ किसानो को दिया गया जो न्यायसंगत नहीं है। सभी किसानो को उचित मुआवजा दिलवाया जावे। क्षेत्र में यूरिया एंव डीएपी खाद की डिमांड के अनुरूप आपूर्ति नहीं होने से किसान को परेशान होना पड़ रहा है। कुछ खाद विक्रेता किसानो को जबरन अटैचमेंट दिया जा रहा है। उनके खिलाफ कार्यवाही की जावे। ज्ञापन के दौरान किसान महापंचायत के जिला महामंत्री कजोड़मल धाकड़, तहसील अध्यक्ष भरतराज मीणा, तहसील महामंत्री रामप्रकाश नागर,राधेश्याम धाकड़ बम्बूली, जोधराज गुर्जर बागेड़ा,पूर्व सरपंच श्योजीलाल मीणा, साबूलाल मीणा,रामराय नागर,हरिओम भावपुरा,हरिशंकर धाकड़, नरसी,बद्रीलाल मानपुरा सहित कई किसान मौजूद रहे।

## सावन माह की पुत्रदा एकादशी पर श्री श्याम मंदिर सेवा धाम में खाटू श्याम के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** सावन माह की पुत्रदा एकादशी पर श्री श्याम मंदिर सेवा धाम में खाटू श्याम के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ रही सुबह मंगला आरती से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया पुत्रदा एकादशी के अवसर पर बाबा श्याम का पंडित कृष्णानंद शास्त्री पंडित दीपक पंडित संदीप तिवारी अमन पंडित मनीष जोशी मोहित संघई ने विशेष श्रृंगार किया गया। खाटूश्याम बाबा को रंग-बिरंगी पगड़ी पहनाई गई। रजनीगंधा, गुलाब और गेंदा जैसे पुष्पों की मालाओं से उनका मनमोहक श्रृंगार किया गया।इस अवसर पर मोहन नगर क्षेत्र की सभी सड़कों पर श्रद्धालुओं की चहल-पहल बनी रही। मंदिर परिसर बाबा श्याम के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु हाथों में गुलाब के फूल और पूजा की थाली लेकर मंदिर पहुंचे। उन्होंने पूरी आस्था और विश्वास के साथ श्याम बाबा के दर्शन कर खुशहाली की कामना की।मंदिर परिसर में खचाखच भीड़ रही। मंदिर के आसपास फूल, प्रसाद, बच्चों के खिलौने और सौंदर्य प्रसाधन सामग्री की कईअस्थायी दुकानें सजी थीं।

# एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पीएमश्री राजकीय विद्यालय कपासन में शिविर का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** पीएमश्री राजकीय विद्यालय में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे बालिकाओं की हीमोग्लोबिन जांच एवं दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी अनुसार भारत विकास परिषद शाखा कपासन द्वारा एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का पीएमश्री राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय कपासन में आयोजन किया गया। जिसमे राजकीय विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं की हीमोग्लोबिन एचबी की जांच की गयी। साथ ही एनीमिया से बचाव एवं उपचार हेतु आवश्यक आयरन,फोलिक एसिड एवं इत्यादि पूरक दवाइयों का वितरण किया गया। पीएमश्री राजकीय विद्यालय के प्राध्यापक अश्विनी कुमार व्यास ने बताया कि उक्त स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से किशोरी बालिकाओं में हीमोग्लोबिन की कमी से होने वाले एनीमिया रोग के प्रति जागरूकता का प्रसार करना तथा उक्त शिविर का उद्देश्य समय पर चिकित्सकीय सहायता प्रदान करना था। विशेषज्ञों ने बताया कि एनीमिया से पीड़ित छात्राओं को शारीरिक कमजोरी, थकान, चक्कर आना एवं मानसिक एकाग्रता में कमी जैसे लक्षण महसूस होते हैं। जिनका समय पर उपचार आवश्यक होता है। छात्राओं को संतुलित आहार, आयरन युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन व स्वच्छता के महत्व संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। इस शिविर में भारत विकास परिषद अध्यक्ष भगवतीलाल सोमानी, सचिव नंदलाल बोहरा ,परिषद सदस्य, लक्ष्मीलाल सोनी, ओमप्रकाश न्याती,रमेशचंद्र विजयवर्गीय, प्रधानाचार्य सैय्यद इरफान अली, प्रकाशचंद्र नंदवाना, मोहित दाधीच, चिकित्सा दल के अंजली स्वर्णकार, वैष्णवी बैरागी, भोलेशंकर भट्ट, रश्मि गोड़ आदि गणमान्यजन एवं विद्यालयी कार्मिकगण उपस्थित रहे। इस दौरान भारत विकास परिषद शाखा कपासन के पदाधिकारियों द्वारा आगामी समय में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक सेवा संबंधी गतिविधियों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया गया।

# स्वर्ण पदक विजेता अश्विनी विश्नोई का भीलवाड़ा में भव्य स्वागत

## विधायक अशोक कोठारी ने किया सम्मान, 31 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भेंट की

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर भीलवाड़ा का नाम रोशन करने वाली पहलवान अश्विनी विश्नोई का सोमवार को नगर में भव्य स्वागत किया गया। रेलवे स्टेशन से लेकर विधायक कार्यालय तक जगह-जगह स्वागत समारोह आयोजित किए गए। विधायक अशोक कोठारी ने नवकार कॉम्पलेक्स स्थित अपने कार्यालय पर अश्विनी का माल्यार्पण कर एवं साफा पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर कोठारी ने उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप 31 हजार रुपये की राशि का चेक भेंट किया। विधायक कोठारी ने विश्नोई को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने भीलवाड़ा, राजस्थान ही नहीं, पूरे देश का नाम विश्व मंच पर गौरवान्वित किया है। ऐसे खिलाड़ियों पर हमें गर्व है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने व उन्हें हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अश्विनी के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। इस अवसर पर अश्विनी के पिता मुकेश विश्नोई, उस्ताद जगदीश विश्नोई, कोच कल्याणमल विश्नोई सहित समस्त विश्नोई परिवार को भी सम्मानित किया गया और शुभकामनाएं दी गईं।



### रेलवे स्टेशन पर हुआ भव्य स्वागत

इससे पूर्व अश्विनी विश्नोई के भीलवाड़ा पहुंचने पर रेलवे स्टेशन पर भी जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने नाचते-गाते हुए उनका माल्यार्पण किया, साफा पहनाया और कंधे पर उठा कर हर्ष व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, जिला महामंत्री राजकुमार आंचलिया, पूर्व जिला महामंत्री कल्पेश चौधरी, बाबूलाल टाक, राजेश सेन, जिला खेल अधिकारी हेमेन्द्र सिंह, दिनेश सुथार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। सभी ने विश्नोई परिवार, उस्ताद व कोच को भी बधाई दी।

### समारोह में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में आनंद चपलोत, कैलाश सोनी, सत्यनारायण गूगड़, कमल कोठारी, संजय राठी, राघव आचार्य, शंकर गुर्जर, चेतन मानसिंहका, नरेश विश्नोई, अरुण विश्नोई, कविता छीपा, बाबूलाल टाक, अर्पित कोठारी, गजेंद्र सिंह राठौड़, गिरीन्द्र मिश्रा, दिनेश सुथार, हीरा गुर्जर, प्रिंस जैन, अजय पाराशर, करण सिंह सहित बड़ी संख्या में नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारत विकास परिषद शाखा द्वारा लगाया निःशुल्क एनीमिया जॉच शिविर

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** भारत विकास परिशद शाखा नैनवां के तत्वावधान मे स्वास्थ्य पहल एनीमिया मुक्त राजस्थान प्रोजेक्ट प्रान्तीय महासचिव के निर्देशो के पालना में मंगलवार को नि:शुल्क एनीमिया जाँच शिविर श्री दिगम्बर चन्द्रसागर जैन उच्च माध्यमिक एवं न्यू वसून्धरा उच्च् माध्यमिक विद्यालय नैनवां मे सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमे 295 किशोरी की जाँच की गई तथा हीमियोग्लोबिन स्तर कम पाई गई बालिकाओं को दवाईयो तथा आवश्यक निर्देश भी दिये गये । प्रान्त से प्राप्त कार्ड भी सभी जांच कराने वाली किशोरियों को दिये गये। उप जिला चिकित्सा प्रभारी द्वारा 2 दल गठित किये गये थे जिनमे जगदीश सिंह सोलंकी,सोना वर्मा, सुरेन्द्र मीणा, ज्योति कंडेरा, रामराय वर्मा, सुनिल सेन, मुकेश चैधरी ने सेवाएं दी। परिषद सदस्य शेलेन्द्र मारवाडा, भवानी सिंह सोलंकी, पुखराज ओसवाल, नाथूलाल निर्मल, कैलाशचन्द टेलर, सत्यनारायण बैरागी , सत्यनारायण साहू , राधेश्याम सैनी, रामस्वरूप वर्मा तथा प्रदीप पाण्डे, सोजीलाल नागर, कार्तिक सैन, लोकेश जैन, रामवतार शर्मा आदि ने सेवाएं दी।

# जल संरक्षण पर स्कूल के विधार्थियो को फिल्म दिखाकर जागरूक किया



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** जल संरक्षण पर स्कूल के विधार्थियो को फिल्म दिखाकर जल अंकेक्षण को लेकर जागरूक किया। राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत रूडिप के अधीक्षण अभियंता श्री हंसराम मीणा एवं अधिशाषी अभियंता सत्य नारायण वर्मा के निर्देशानुसार शहर के न्यू हैप्पी माध्यमिक विद्यालय में जल संरक्षण के लिए कार्यक्रम हुआ जिसमे सामाजिक विकास अधिकारी तनुजा मरेठा ने बताया कि जल है तो कल है, बावजूद इसके जल बेवजह बर्बाद किया जाता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जल-संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। हम हमेशा से सुनते आये हैं जल ही जीवन है। जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती, जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिये जल की आवश्यकता होती है। जल हमें प्रकृति के द्वारा दिया गया है तो हमें इसका सम्मान करना चाहिए न कि इसका व्यर्थ में बर्बाद करना चाहिए। मनुष्य, जानवरों, पेड़ पौधे सभी के जीवन में जल का उपयोग होता है, जल के बिना जीवन असंभव है।पानी के संरक्षण पर बच्चों की भूमिका व नई जलप्रदाय योजना से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि नई जल प्रदाय योजना से पानी पर्याप्त एवं पूर्ण प्रेपर के साथ व मीटरयुक्त मिलेगा।

श्री शर्मा ने बताया कि पृथ्वी पर काम में लेने योग्य पानी की मात्रा केवल एक प्रतिशत है तथा शुद्ध पेयजल के लिए एक प्रतिशत से भी कम पानी है। हम ध्यान नहीं देंगे तो आने वाली पीढ़ी के लिए जल संकट पैदा हो जाएगा।

शर्मा ने जल संरक्षण के छोटे-छोटे उपाय की जानकारी दी। वहीं विद्यालय के 10 छात्र छात्राओं ने जल अंकेक्षण किया तथा अपने अनुभव अपनी साथियों से साझा किए।

# महेश मित्र मंडल शास्त्रीनगर भीलवाडा ने किया धार्मिक आस्था के केंद्र कठार, राजसमंद में वन भ्रमण

## साधारण सभा की बैठक संपन्न, अध्यक्ष सुशील मरोटिया, मंत्री अशोक चेचाणी एवं कोषाध्यक्ष रमेश बंग पुनः मनोनीत

बढ़ता राजस्थान





**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** महेश मित्र मंडल शास्त्रीनगर भीलवाडा द्वारा धार्मिक आस्था के केंद्र कठार, राजसमंद में वन भ्रमण का आयोजन किया गया। सदस्यो द्वारा इस वन भ्रमण में न केवल प्रकृति का आनंद लिया, बल्कि मेवाड़ के इतिहास और संस्कृति के बारे में भी जाना। मित्र मंडल के सुशील मरोटिया ने बताया कि इस वन भ्रमण में सभी सदस्यों को वनों के महत्व एवं वनों में पैदा होने वाली औषधियों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान महेश मित्र मंडल शास्त्रीनगर की साधारण सभा की बैठक सुशील मरोटिया की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार तथा समाज उत्थान को लेकर सारगर्भित चर्चा की गई एवं कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्री अशोक चेचाणी ने बताया की बैठक में मित्र मंडल के सदस्यों ने पिछले कुछ महीनों में किए गए कार्यों का जायजा लिया और आगे की गतिविधियों की योजना बनाई। सदस्यों ने मंडल के विकास और समाज में इसके योगदान पर भी अपने विचार व्यक्त किए। कोषाध्यक्ष रमेश बंग द्वारा गतवर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक मे माहेश्वरी उत्पत्ति स्थल लोहार्गल दर्शन हेतु निर्णय लिया गया। साथ ही मंडल में नये सदस्यो को जोडने का निर्णय भी लिया गया। तत्पश्चात वर्ष 25-28 हेतु अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष का सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ जिसमे पुन: अध्यक्ष सुशील मरोटिया, मंत्री अशोक चेचाणी एवं कोषाध्यक्ष पद पर पर रमेश बंग को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर संरक्षक हरिनारायण मोदानी, कंवरलाल पोरवाल, शास्त्रीनगर क्षेत्रीय सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र समदानी सहित मित्र मंडल के कई सदस्यगण उपस्थित रहे। अंत मे अध्यक्ष सुशील मरोटिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### जजावर माताजी तलाई की घटना

# नहाने गया युवक पानी में डूबा , तलाई मे दिनभर के रेस्क्यू के बाद भी पुलिस को नही मिली सफलता



बढ़ता राजस्थान

**जजावर ( पदम शाह )।** स्थानीय प्रसिद्ध एवं धार्मिक स्थल झैंटाल माता मंदिर के पास बनी तलाई में बुधवार सुबह करीब 9 बजे माताजी मंदिर से थोड़ी दूर कच्ची झोपड़ियां बनाकर निवास कर रहे खानाबदोस परिवार से जुड़ा एक युवक घनश्याम नायक(35) नहाते समय पानी में डूब गया । परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार घनश्याम रोजाना की तरह आज भी नहाने के लिए तलाई पर गया था एवं तलाई के तट पर अपने कपड़े रखकर तलाई मे नहाने लगा लेकिन साधारण तैराक घनश्याम नहाते वक्त गहरे पानी की तरफ आ गया एवं संतुलन बिगड़ता देख कर चिल्लाया जो परिजनो ने सुन लिया जिसके बाद परिजन रोते बिलखते मौके पर आए तो माताजी के स्थान एवं खोडी रोड से गुजरने वाले कई लोग जमा हो गए लेकिन उससे पहले ही घनश्याम पानी मे डूब चुका था ।

उधर घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम प्रीती मीणा , तहसीलदार रामराय मीणा सहित थानाधिकारी कमलेश शर्मा भी मय पुलिस जाप्ते के मौके पर पहुंच गए एवं सारी स्तिथि का जायजा लेते हुए नैनवां एवं बूंदी से सिविल डीफेंस की टीम को बुलाया करीब दस बजे से सिविल डिफेंस एवं एसडीआरएफ टीम ने तलाई मे देर शाम तक सर्च अभियान चलाकर डुबे हुए युवक को ढूँढने का प्रयास भी किया लेकिन सफलता नही मिल पाई। उधर दिन भर इस दौरान माताजी तलाई पर तमाशबीनो की भीड़ लगी रही।

# पुकार अभियान के अंतर्गत आज से कपासन के पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी राज्य सरकार के आदेशों की आहुति देंगे

बढ़ता राजस्थान



**कपासन( नि.स. )।** पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संघ कपासन द्वारा अपनी विभिन्न मांगो को लेकर जारी संघर्ष के अंतर्गत आज बुधवार से पुकार अभियान 2025 मनाया जायेगा। जिसमे कर्मचारियों द्वारा राज्य सरकार के आदेशों की आहुति दी जायेगी। जानकारी अनुसार पंचायती राज विभाग द्वारा विभाग में कार्यरत मंत्रालयिक कर्मचारियों के बार-बार दस्तावेज सत्यापन एवं प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ दमनात्मक कार्यवाही प्रत्याहरित करने,विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारियों का केडर रिव्यू कर पदौन्नति प्रक्रिया शुरू करने,ग्राम पंचायत स्तर पर स्पष्ट कार्य विभाजन करने आदि मांगों को लेकर मंत्रालयिक कर्मचारियों का पुकार अभियान-2025 बुधवार से प्रारंभ होगा। यहां प्रदेश व्यापी आह्वान पर मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा राजकीय दायित्वों के निर्वहन के साथ आक्रोश रूप में पुकार अभियान शुरू किया गया है। पंचायत समिति कपासन सहायक प्रशासनिक अधिकारी एवं उक्त अभियान संरक्षक कैलाशचंद्र गर्ग ने बताया कि मंत्रालयिक कर्मचारियों के प्रति विभागीय नीतियों का पुरजोर विरोध किया जा रहा है। इससे पूर्व प्रत्येक स्तर पर मंत्रालयिक कर्मचारियों ने अपनी स्थिति स्पष्ट की। मंत्रालयिक कर्मचारियों का आरोप है कि संवर्ग विशेष की शह पर विभाग राज्यभर के सौलह हजार मंत्रालयिक कर्मचारियों को बदनाम कर रहा है।तीन-तीन बार दस्तावेज सत्यापन के बावजूद उनकी उचित मांगों को पूरा नही कर दस्तावेज सत्यापन के नाम पर परेशान किया जा रहा है। अत: अब मंत्रालयिक कर्मचारी अगले सप्ताह को पुकार सप्ताह के रूप में मनाते हुवे राजकीय दायित्वों का निर्वहन करेंगे। जिसको लेकर मंगलवार को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर अधिकारियों को सुचित किया गया है। गौरतलब है कि पंचायत समिति कपासन क्षेत्र के पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा पुकार अभियान 2025 मनाते हुवे बुधवार प्रात: से कार्यालय कार्य शुरू किये जाने से पूर्व गणेश पूजन किया जायेगा।

इस दौरान राज्य सरकार द्वारा जारी किये गये आदेशों की मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा आहुति दी जायेगी।

## श्रावण मास के अंतिम सोमवार को सिंहपुर ग्राम में भजन-कीर्तन एवं सत्संग का आयोजन किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** भगवान भोलेनाथ की भक्ति एवं आराधना के पवित्र श्रावण मास के अंतिम सोमवार ब्रह्मयोग के पावन पर्व पर समीपवर्ती ग्राम सिंहपुर में भजन कीर्तन एवं सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री मुरलीधर रामायण मंडल सिंहपुर संस्थापक एवं पंचायत समिति कपासन सहायक प्रशासनिक अधिकारी कैलाशचंद्र गर्ग ने बताया कि ग्राम सिंहपुर में शांति निकुंज नाथ मोहल्ला में श्री मुरलीधर रामायण मंडल के तत्वावधान मे रुद्रौत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे कैलाशचंद्र गर्ग द्वारा वैदिक मंत्रौच्चार एवं गणपति पूजनब साथ धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सत्संग कार्यक्रम में कैलाश चंद्र गर्ग, कमलेश गर्ग, रेखा गर्ग, पुष्पा शर्मा, दर्शन गर्ग, रोहित प्रजापत,अखिलेश गर्ग,काली देवी,यशवंत गर्ग, अनीता नाथ आदि श्रद्धालुओं द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुतियां दी गयी। जिससे भक्तिमयी वातावरण का संचार होता रहा।

कार्यक्रम के अंत में अखंड ब्रह्मांड के राजा देवो के देव महादेव भगवान भोलेनाथ को भोग धराकर एवं महाआरती के बाद उपस्थित भक्तों एवं श्रद्धालुओं में महाप्रसाद का वितरण किया गया।

# सांसद दामोदर अग्रवाल के प्रयासों से चेतक एक्सप्रेस में लगेंगे आधुनिक एलएचबी कोच

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

बढ़ता राजस्थान


**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** दिल्ली से भीलवाड़ा के बीच चलने वाली चेतक एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 20473/20474) में अब यात्रियों को पुराने डिब्बों की जगह नए और आधुनिक एलएचबी (लिंक हॉफमैन बुश) कोचों में सफर करने का अनुभव मिलेगा। यह संभव हो सका है भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल के निरंतर प्रयासों से। सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने जानकारी देते हुए बताया कि सांसद अग्रवाल ने सोमवार को संसद में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर चेतक एक्सप्रेस में दशकों पुराने कोचों को हटाकर नए एलएचबी कोच लगाने की मांग को दोहराया। उन्होंने इस संबंध में पूर्व में लिखे गए पत्र का भी स्मरण कराया। रेल मंत्री वैष्णव ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए रेल मंत्रालय के संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद उम्मीद जताई जा रही है कि चेतक एक्सप्रेस में जल्द ही यात्रियों को नवीनतम तकनीक से सुसज्जित, आरामदायक एवं सुरक्षित एलएचबी कोचों की सुविधा मिलने लगेगी।



### यात्रा होगी और भी सुरक्षित व आरामदायक

सांसद अग्रवाल ने कहा कि चेतक एक्सप्रेस भीलवाड़ा से दिल्ली के बीच एक महत्वपूर्ण संपर्क साधन है। यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और अनुभव को ध्यान में रखते हुए एलएचबी कोचों का समावेश आवश्यक था। उन्होंने रेल मंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि एलएचबी कोच लगने से यात्रियों का सफर न केवल अधिक आरामदायक बल्कि सुरक्षित भी होगा।

सिर्फ उतना ही विनम्र बनो जितना जरूरी हो,
वेवजह की विनम्रता दूसरो के अहम को बढ़ावा देती है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



## तेजप्रताप का दावा- मेरे सामने कभी चुनाव नहीं लड़ेंगे तेजस्वी

### वीवीआईपी पार्टी के साथ गठबंधन का ऐलान, बोले- हमारे अलायंस में आरजेडी-कांग्रेस का भी स्वागत

बढ़ता राजस्थान

पटना। तेजप्रताप यादव ने मंगलवार को अपनी पार्टी का वीवीआईपी के साथ गठबंधन का ऐलान किया है। पटना के होटल मौर्य में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी है। तेजप्रताप यादव ने कुछ दिन पहले ही महुआ सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था, 'टीम तेजप्रताप एक प्लेटफॉर्म है, जो चुनाव में युवाओं को समर्थन देगी। जो लड़ना चाहेंगे, उन्हें पूरा सपोर्ट मिलेगा।' तेजप्रताप ने कांग्रेस और आरजेडी को साथ आने का ऑफर दिया। उन्होंने दावा किया कि तेजस्वी यादव कभी महुआ से चुनाव नहीं लड़ेंगे। तेजप्रताप ने ये भी कहा कि तेजस्वी अगर मुझे देख रहे हैं तो उन्हें मेरा आशीर्वाद है। तेजप्रताप ने मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी को बहरूपिया पार्टी बताया।

## गहलोत बोले-राहुल गांधी से बड़ा देशभक्त कौन हो सकता है

### चीनी घुसपैठ की जानकारी इंटरनेट पर मौजूद, उन्होंने कोई गोपनीय जानकारी साझा नहीं की

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** चीनी घुसपैठ को लेकर राहुल गांधी के बयानों पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद अब पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने उनका बचाव किया है। गहलोत ने राहुल गांधी का समर्थन करते हुए कहा- राहुल गांधी ने कोई गोपनीय जानकारी साझा नहीं की है। चीनी घुसपैठ की जानकारी इंटरनेट और विश्वसनीय स्रोतों पर मौजूद है। उनसे बड़ा देश भक्त कौन हो सकता है। गहलोत ने एक्स पर लिखा- राहुल गांधी ने कोई गोपनीय जानकारी साझा नहीं की। गलवान में चीनी घुसपैठ और झड़प जिसमें 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए, की जानकारी पहले से सार्वजनिक रूप से मौजूद हैं। चीन की ओर से भारत में लगभग 2000 किलोमीटर तक की घुसपैठ और उससे संबंधित जगहों की जानकारी भी इंटरनेट और मीडिया में विश्वसनीय स्रोतों पर उपलब्ध है।

## राजस्थान में दो दिन रोडवेज-बस में फ्री यात्रा करेंगी महिलाएं

### रक्षाबंधन पर 9 और 10 अगस्त को मिलेगी सुविधा; सीएम ने की थी घोषणा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** रक्षाबंधन पर्व पर महिलाएं और लड़कियां दो दिन तक राजस्थान रोडवेज की बसों में फ्री यात्रा कर सकेंगी। यह सुविधा 9 और 10 अगस्त को लागू रहेगी।

राजस्थान की सीमा में चलने वाली सभी श्रेणियों की साधारण बसों में यह छूट लागू होगी। वातानुकूलित (एसी), वॉल्वो और ऑल इंडिया परमिट पर चलने वाली बस इस योजना में शामिल नहीं होंगी।

रोडवेज के प्रबंध निदेशक पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया- हर साल की तरह इस बार भी रक्षाबंधन पर महिलाओं और बालिकाओं को निशुल्क यात्रा सुविधा देने का प्रस्ताव भेजा गया है। अनुमान है कि इस योजना से करीब 8.5 लाख महिलाएं और बालिकाएं लाभान्वित होंगी। इसका कुल वित्तीय भार लगभग 14 करोड़ रुपए रहने की संभावना है, जिसे सरकार की ओर से वहन किया जाएगा।

## सहकारिता विभाग में भ्रष्ट अधिकारियों पर शिकंजा:कर्मचारियों की फाइनेंशियल पॉवर पर रोक के निर्देश, जांच में देरी पर एक्शन की चेतावनी

**जयपुर।** सहकारी विभाग के अधीन संचालित तमाम एजेंसियों जैसे राजफैड, नेफेड, तिलम संघ समेत अन्य में काम करने वाले भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू हो गई है। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने ऐसे विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों (कार्मिकों) जिनके खिलाफ अनियमितता की शिकायत मिली और जांच में वे दोषी पाए गए हैं। उन कार्मिकों के वित्तीय लेने-देने के अधिकारों पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने उन अधिकारियों के खिलाफ भी कार्यवाही की चेतावनी दी है, जो किसी कार्मिक के खिलाफ मिली शिकायत की जांच में देरी कर रहे हैं। जयपुर में आज अपेक्स बैंक के सभागार जनसुनवाई में आई शिकायतों के निस्तारण का रिव्यू करने के दौरान मंत्री ने ये बात कही।



## जयपुर में सचिन पायलट पर वाटर कैनन चलाई एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष का मोबाइल चोरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर मंगलवार को एनएसयूआई ने जयपुर में प्रदर्शन किया। शहीद स्मारक पर छात्र सभा में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट समेत पार्टी के कई नेता पहुंचे।

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सीएम आवास का घेराव करने के लिए आगे बढ़ने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए पानी की बौछार की। पायलट पर भी वाटर कैनन चलाई। पुलिस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के बीच हल्की धक्का-मुक्की हुई पुलिस ने लाडनूं विधायक मुकेश भाकर, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ समेत 36 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। प्रदर्शन के दौरान हस्र्छ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी का मोबाइल फोन चोरी हो गया। सभा में पायलट ने कहा- पता नहीं कौन मुख्यमंत्री को सलाह दे रहा है। ग्रामीण इलाकों में विकास रुक चुका है। चुनाव रोकने के लिए न जाने कौनसा सलाहकार बता रहा है।

यह सरकार सिर्फ सत्ता में बैठकर मजा लेना चाहती है। कोई भी चुनाव नहीं कराना चाहती है।

विधायक अभिमन्यु पूनिया ने कहा- आज एक भी छात्र पर मुकदमा लगाया गया तो कांग्रेस पार्टी इसका करारा जवाब देगी। हम हर कीमत पर छात्रसंघ चुनाव बहाल करा कर ही दम लेंगे।

## राज्यसभा में सीआईएसएफ कमांडो बुलाने के विवाद पर हंगामा

### खड़गे बोले- विरोध करना हमारा अधिकार, नड्डा ने कहा- ये अलोकतांत्रिक तरीका

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद मानसून सत्र के 12वें दिन भी विपक्ष का बिहार वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन मामले पर प्रदर्शन जारी है। इसके कारण दोपहर 2 बजे कार्यवाही शुरू होते ही लोकसभा और राज्यसभा को कल 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में 1 जुलाई को सीआईएसएफ कमांडो को बुलाने का विवाद सदन में उठाया। उन्होंने कहा- विरोध करना हमारा अधिकार है। लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करेंगे। खड़गे ने उपसभापति हरिवंश नारायण से कहा- सदन में सीआईएसएफ लगाया गया था, इसलिए मैं पूछना चाहता हूं कि ये सदन आप चला रहे हैं या अमित शाह चला रहे हैं। इसपर हरिवंश सिंह ने कहा- सदन में सीआईएसएफ जवान नहीं मार्शल थे। वहीं, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्यसभा में कहा, विपक्ष का तरीका अलोकतांत्रिक और नियमों के खिलाफ है। ये सदन नहीं चलना चाहते हैं। विपक्ष में रहने का ट्यूशन मुझसे ले लो, क्योंकि आपको 30-



### मणिपुर में राष्ट्रपति शासन 6 महीने के लिए बढ़ाया गया

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें मणिपुर में लागू राष्ट्रपति शासन की अवधि छह महीने और बढ़ाने की अनुमति मांगी गई। भारी हंगामे के बीच सदन ने यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। मणिपुर में पहले से राष्ट्रपति शासन लागू है। लोकसभा में गोवा राज्य के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनः समायोजन विधेयक, 2024 पारित किया गया।

### 11 दिनों में अब तक 2 दिन चर्चा हुई

21 जुलाई को शुरू हुए मानसून सत्र के बाद से संसदीय कार्यवाही करीब ठप रही है। बिहार में वोटरों के वेरिफिकेशन मामले पर विपक्षी पार्टियों ने हर दिन विरोध-प्रदर्शन किए। 11 दिनों के दौरान, सिर्फ 28 और 29 जुलाई को सदन में पूरे दिन की कार्यवाही चली। दोनों दिन, पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर दोनों सदनों में चर्चा हुई थी।

## प्रदीप मिश्रा के कुबेरेश्वर धाम में भगदड़, 2 की मौत

### एमपी के सीहोर में कांवड़ यात्रा में शामिल होने पहुंचे थे, भीड़ में दबने से जान गई

बढ़ता राजस्थान

**सीहोर।** सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में मंगलवार को भारी भीड़ के चलते भगदड़ में दो लोगों की मौत हो गई। 8 से 10 श्रद्धालु चक्कर और घबराहट की शिकायत के बाद अस्पताल पहुंचे हैं। जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं की गई है। प्रदीप मिश्रा बुधवार को कुबेरेश्वर धाम से चितावलिया हेमा गांव तक कांवड़ यात्रा निकालने वाले हैं। इसमें शामिल होने के लिए एक दिन पहले ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। भंडारे, ठहराव और दर्शन के लिए जगह कम पड़ने लगी, जिससे भीड़ बेकाबू हो गई। कई स्थानों पर अफरातफरी का माहौल बन गया। तीन लोग नीचे गिर गए। इनमें से दो की दबने से मौत हो गई।

### घायलों को अस्पताल ले जाने में लगे डेढ़ घंटे

कुबेरेश्वर धाम के आसपास इतनी ज्यादा भीड़ है कि घायलों को जिला अस्पताल ट्रॉमा सेंटर लाने में डेढ़ घंटे का समय लग गया। घटना के 3 घंटे बाद भी स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन दोनों मृतकों की पहचान नहीं कर सका है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. प्रवीर गुप्ता ने हादसे को लेकर कुछ भी कहने से मना कर दिया। मानसून सत्र के लिए भोपाल पहुंचे सीहोर विधायक सुदेश राय ने हादसे को लेकर कहा, बेहद दुख की बात है।

## राजस्थान में दो दिन बाद बारिश का अलर्ट : 7 अगस्त से फिर एक्टिव होगा मानसून; पार्वती बांध के 4 गेट खोले

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में सुस्त हुए मानसून से उमस-गर्मी फिर से बढ़ गई। सोमवार को राजस्थान के अधिकांश शहरों में बादल छाए और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई। बारिश होने से उमस बढ़ गई। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मंगलवार और बुधवार राज्य में इसी तरह का मौसम रहने का अनुमान है। 7-8 अगस्त से एक कमजोर सिस्टम फिर से एक्टिव होगा। इसके प्रभाव से 7 अगस्त को 5 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बरसात सोमवार को कोटा के दीगोद एरिया में 25एमएम दर्ज हुई। कोटा के ही लाडपुरा में 15, प्रतापगढ़ जिले में 5, उदयपुर के लसाड़िया में 4, डूंगरपुर के साबला में 3, बांसवाड़ा के जगपुरा में 4 और बारां के अटरू में 5एमएम बरसात हुई। धौलपुर, करौली, राजसमंद के एरिया में कहीं-कहीं हल्की बारिश, बूंदाबांदी दर्ज हुई।

### बीसलपुर बांध का गेट नंबर 10 बंद

वहीं पानी की आवक कम होने से बीसलपुर बांध के एक और गेट को बंद कर दिया गया है। आज सुबह 7 बजे गेट नंबर 10 को बंद किया गया। अब सिर्फ गेट नंबर 9 से .25 मीटर (25 सेंटीमीटर ) प्रति सैकंड 1503 क्यूसेक पानी बनास नदी में छोड़ा जा रहा है। मंगलवार को पार्वती बांध के 4 गेट फिर से खोले गए हैं। बांध के चार गेट 2 फीट खोलकर लगभग 4400 क्यूसेक पानी पार्वती नदी में रिलीज किया जा रहा है। इस संबंध में सहायक अभियंता पपेंद्र मीणा ने इस संबंध में जानकारी दी है। इधर जयपुर, अजमेर, भरतपुर, कोटा, उदयपुर के अलावा जोधपुर और बीकानेर संभाग के आंशिक हिस्सों में हल्के बादल छाए।



### मानसून ट्रफ उत्तर शिफ्ट, इसलिए कमजोर हुआ मानसून

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक वर्तमान में मानसून ट्रफ लाइन अपनी सामान्य पोजिशन से उत्तर दिशा की तरफ शिफ्ट हो गई। इस कारण राज्य में मानसून कमजोर हो गया। बारिश का दौर धीमा पड़ गया। वर्तमान में मानसून ट्रफ उत्तर भारत के अमृतसर, देहरादून, शाहजहांपुर, छपरा से होकर गुजर रही है। इस कारण राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत अन्य कोर राज्यों में बारिश का दौर धीमा पड़ गया है। जबकि उत्तराखंड, बिहार, पंजाब, हिमाचल में अच्छी बरसात हो रही है।

## झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन का हुआ अंतिम संस्कार

### हेमंत सोरेन ने दी मुखाग्नि, राहुल गांधी और खड़गे भी शामिल हुए

बढ़ता राजस्थान

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन का आज यानी मंगलवार को उनके पैतृक गांव नेमरा (रामगढ़) में अंतिम संस्कार किया गया। सीएम हेमंत सोरेन ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल हुए। रांची से रामगढ़ जाने के दौरान कई जगह लोगों ने श्रद्धांजलि दी। सड़क किनारे समर्थक खड़े थे और शिबू सोरेन अमर रहे के नारे लगा रहे थे। इससे पहले मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में लोगों ने मोरहाबादी स्थित उनके आवास पर गुरुजी के अंतिम दर्शन किए और श्रद्धांजलि दी।

शिबू सोरेन के करीबियों में गिने जाने वाले पूर्व सीएम चंपाई सोरेन भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इसके साथ ही पूर्णिया सांसद पप्पू यादव, आप सांसद संजय सिंह अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए रांची पहुंचे। फिर पार्थिव शरीर उनके आवास से विधानसभा पहुंचा। जहां राज्यपाल संतोष गंगवार, स्पीकर रवींद्र महतो समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्णिया सांसद ने पूर्व सीएम को आदिवासी अस्मिता और संघर्ष का प्रतीक बताते हुए ङ्क पर लिखा- शिबू सोरेन जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। झारखंड सरकार के मंत्री इरफान अंसारी ने भी भारत रत्न देने की मांग की है।



### सोमवार को दिल्ली में हुआ निधन

सोमवार की सुबह 8:56 बजे शिबू सोरेन ने दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में अंतिम सांस ली। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ङ्क पर लिखा- दिशोम गुरु हम सभी को छोड़कर चले गए हैं। आज मैं शून्य हो गया हूं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अस्पताल पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### 19 जून को अस्पताल में भर्ती कराया गया था

81 साल के शिबू सोरेन हृदय रोग, किडनी और फेफड़ों की बीमारी से पीड़ित थे। उन्हें 19 जून को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उन्हें ब्रेन स्ट्रोक और पैरालिसिस अटैक भी हुआ। वह वेंटिलेटर पर थे। सोमवार की शाम उनका पार्थिव शरीर रांची लाया गया। इसके बाद एयरपोर्ट से उनके मोरहाबादी स्थित आवास पर ले जाया गया, जहां समर्थकों के साथ-साथ विपक्षी दल के नेताओं ने उनके अंतिम दर्शन किए।

### झारखंड में 3 दिन का राजकीय शोक

उनके निधन पर झारखंड सरकार ने सोमवार से 3 दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका दिया गया है। 3 दिन तक अब कोई भी सरकारी आयोजन नहीं होगा। सोमवार और मंगलवार को सभी सरकारी कार्यालय में छुट्टी घोषित कर दी गई है। विधानसभा का मानसून सत्र भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। झारखंड गठन में शिबू सोरेन की अहम भूमिका रही है, जो तीन बार सीएम, एक बार केंद्रीय मंत्री और आठ बार सांसद रहे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार